Dr. Mrs. Gulista Khatoon, M.Com, M.Ed, Ph.D (Education) was working as an Asst.Prof. in the Department of Education of Dr. C. V. Raman University, Kargi Road, Kota, Bilaspur, since last 6 years. She also took additional responsibility as a Faculty Co-ordinator of Commerce Department in same University for last 3 years. She has published **07** Research papers in national and international journal and 18 papers were presented in national and international seminar and conferences. She has guided 16 M.Ed. scholars and 4 M.Com. scholars (Distance Education).

₹ 495/-

Dr. Pramod Kumar Naik, after completing his master degree in education and B.Ed from Kurukshetra University, Haryana, he completed his M.phil and Ph.D in education from Sambalpur University, Odisha. He has 25 years of teaching experience at U.G., P.G, M.Phil, Ph.D (Course Work) level in different Colleges and University of Odisha and Chhattisgarh. Dr. Pramod Kumar Naik used his knowledge of the subject and his teaching experience acquired during these years, while writing this book. This book can be effectively used in teaching programmes both by students, research scholars and teachers. Dr.Naik has published **70** Research Paper in National/International journal, published **04** Books named **Advanced Educational Psychology, Parenting, Organizational Effectiveness, Job Satisfaction** and ***बालिका सशक्तिकरण*** *(Girls Empowerment)* **03** Guide Books in Education. In **06** Edited Books **07** Chapters has been Published. Participated in Orientation and Refresher Course. He has delivered a number of Guest Lecturer in National seminars, International seminars, Orientation and Refresher Course and Colleges. He has guided **38** M.Ed. scholars, **23** M.Phil scholars and **05** Ph.D scholars are Awarded under his supervision, now **05** Ph.D scholars are doing their research work under his supervision. He is the member of different board and committies of Dr.C.V. Raman University, Bilaspur (C.G.), Subject Experts of Pt.Ravi Shankar Shukla University, Raipur (C.G.) and also the member of Editorial Board of **04** Research Journal.

Now Dr. Pramod Kumar Naik is a Professor & Dean (Education), Research Director, AIU Co-ordinator of Dr. C. V. Raman University, Kargi Road Kota, Bilaspur (C.G.). His API Score calculated by the university is **525.**

₹ 495/-

ISBN 978-93-85876-37-0

APH PUBLISHING CORPORATION
4435-36/7, Ansari Road, Darya Ganj,
New Delhi 110002 Email: aphbooks@gmail.com

बालिका सशक्तिकरण

Dr. Mrs. Gulista Khatoon, Dr. Pramod Kumar Naik

APH

बालिका सशक्तिकरण

GIRLS EMPOWERMENT

Dr. Mrs. Gulista Khatoon
Dr. Pramod Kumar Naik

व्यक्ति एक सामाजिक प्राणी है समाज ही उसके लिए उस प्रकार का परिवेश प्रदान करता है जिसमें रहकर वह अपनी जन्मजात शक्तियों का विकास करता है। यदि सामाजिक परिवेश उपयुक्त नहीं है तो निश्चित ही उसके व्यक्तित्व में कई प्रकार की कमी का आधिक्य मात्रा सामाजिक सितियों के कारण होता हैं। बालक अपने जन्म के साथ कुछ मूलभूत प्रवृत्तियों एवं शक्तियों को लेकर उत्पन्न होता है किन्तु बालक के सामाजिक परिवेश के कारण ही उसमें वैयक्तिक भिन्नतायें उत्पन्न हो जाती है यहॉ हमारा तात्पर्य बुद्धि या लिगिंय भिन्नताओं से नहीं है बल्कि उसकी अभिक्षमता, अभिरुचि और व्यक्तित्व से है निश्चित रुप से इनकी भिन्नतायें उसकी पारिवारिक वातावरण आर्थिक स्थिति एवं सामाजिक परिवेश के कारण होती है। ये सभी तत्व किषोरियों के सषक्तिकरण पर अपना प्रभाव डालते है।

ISBN 978-93-85876-37-0

बालिका सशक्तिकरण
GIRLS EMPOWERMENT

बालिका सशक्तिकरण
GIRLS EMPOWERMENT

Dr. Mrs. Gulista Khatoon
Dr. Pramod Kumar Naik

A.P.H. PUBLISHING CORPORATION
4435–36/7, ANSARI ROAD, DARYA GANJ,
NEW DELHI-110002

Published by
S.B. Nangia
A.P.H. Publishing Corporation
4435–36/7, Ansari Road, Darya Ganj,
New Delhi-110002
Phone: 011-23274050
e-mail: aphbooks@gmail.com

© Authors

Typeset by
Ideal Publishing Solutions
C-90, J.D. Cambridge School,
West Vinod Nagar, Delhi-110092
www.ipsbooks.com

Printed at
BALAJI OFFSET
Navin Shahdara, Delhi-110032

प्राक्कथन

व्यक्ति एक सामाजिक प्राणी है समाज ही उसके लिए उस प्रकार का परिवेश प्रदान करता है जिसमें रहकर वह अपनी जन्मजात शक्तियों का विकास करता है। यदि सामाजिक परिवेश उपयुक्त नहीं है तो निश्चित ही उसके व्यक्तित्व में कई प्रकार की कमी का आधिक्य मात्रा सामाजिक सितियों के कारण होता हैं। बालक अपने जन्म के साथ कुछ मूलभूत प्रवृत्तियों एवं शक्तियों को लेकर उत्पन्न होता है किन्तु बालक के सामाजिक परिवेश के कारण ही उसमें वैयक्तिक भिन्नतायें उत्पन्न हो जाती है यहॉ हमारा तात्पर्य बुद्धि या लिगिंय भिन्नताओं से नहीं है बल्कि उसकी अभिक्षमता, अभिरुचि और व्यक्त्तिव से है निश्चित रुप से इनकी भिन्नतायें उसकी पारिवारिक वातावरण आर्थिक स्थिति एवं सामाजिक परिवेश के कारण होती है। ये सभी तत्व क्रिाोरियों के स्राक्तिकरण पर अपना प्रभाव डालते है।

प्रस्तुत अध्ययन में शोधकर्ता द्वारा ग्रामीण तथा शहरी ‘‘मुस्लिम किशोरियों के व्यक्तित्व एवं समायोजन पर बालिका सशक्तिकरण के प्रभाव का अध्ययन’’ नारी/किशोरियों के बदलते रूप और भूमिका को चित्रित करने का एक प्रयास किया गया जिसमें भारतीय समाज में भाषाओं रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक व्यवहार में विविधता, जाति और वर्ग पर आधारित एक अनुक्रम और तरह-तरह के धर्म और संप्रदाय वाले समाज में, यह आसान नहीं है कि इन सभी विभिन्न धागों को अलग-अलग एक साथ पहचान में हमारे उद्देश्य बहुत ही सहज थे। हमने बदलते राजनीतिक आर्थिक परिदृश्य में उन मूल्यों को जो गैर-बराबरी को वैधानिकता प्रदान करती है के संदर्भ में भारतीय नारी की लैंगिक समानता हासिल करने तथा शहरी व ग्रामीण दिशा में यात्राा का एक निष्कर्ष रूप प्रस्तुत

करने का प्रयास किया है। प्रस्तुत कार्य विशेष तौर पर बुद्धिजीवियों को ही नहीं, बल्कि सामान्य पाठकों को नारी की समाज में परिस्थितियों को समझने के इच्छुक है को संबोधित है। क्यों, शिक्षा और आर्थिक प्रगति के बावजूद, लैंगिक आधार पर भेदभाव और अत्याचार के प्रमाण है? नारियों एवं वृहत्तर समाज द्व ारा स्थिति में परिवर्तन के लिए एक प्रयास है जिसमें संपूर्ण महिला जगत चाहे वह किसी भी समाज, जाति, धर्म, सम्प्रदाय और संस्कृति से जुड़ी हो चाहे वह किसी भी क्षेत्र विशेष कि हो उन्हें एक सशक्त, जागरूक बालिका/महिला बनाने का एक प्रयास मात्र है।

Dr. Mrs. Gulista Khatoon

आभार-सुमन

शोध कार्य एक सहयोगात्मक प्रक्रिया है। किसी भी कार्य को करने से पूर्व मैं अल्लाह का शुक्रगुजार हूँ ।

प्रस्तुत शोध कार्य की कल्पना तब तक साकार नहीं हो पाती जब तक मेरे निर्देशक **डॉ. पी. के. नायक** द्वारा शोध पंजीयन से लेकर शोध प्रस्तुत करने तक प्रतिक्षण मार्गदर्शनं मिला।

इसी क्रम में मैं डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय के कुलपति **डॉ. श्रीमती सुरेखा ठक्कर,** समकुलपति **डॉ. आर. पी. दुबे,** कुलसचिव **श्री शैलेष पाण्डेय** तथा मैं परम् पूज्य पिता **जमशेद खान** तथा परम् **पूज्या माता श्रीमती सलमा खातून** के प्रति श्रद्धानत् हूँ, जो मुझे आगे पढ़ने के लिए हमेशा प्रेरित करते रहे। मैं अपने बड़े भाई **आरिफ खान** और छोटे भाई **आसिफ खान,** को साथ ही साथ मैं अपने पति **श्री जावेद अख्तर खान,** का दिल से आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने समय-समय पर पढ़ने के लिए और इस शोध कार्य को पूरा करने के लिए मार्गदर्शन किया।

Dr. Mrs. Gulista Khatoon

CONTENTS

प्राक्कथन *v*

आभार-सुमन *vii*

अध्याय-1: पृष्ठभूमि, तथ्य एवं औचित्य **1**

1.1 प्रस्तावना 1

1.1.1 व्यक्तित्व का अर्थ 3

1.1.2 समायोजन का अर्थ 5

समायोजन की प्रविधियाँ 6

विद्यालय द्वारा समायोजन का विकास 9

1.1.3 सशक्तिकरण का अर्थ 10

अधिकार एवं स्वतंत्र अस्तित्व 10

स्वतंत्र अस्तित्व 11

स्वायत्तता एवं आत्मविश्वास/आत्मनिर्भरता 11

निर्णय प्रक्रिया 11

सामाजिक एवं विकासात्मक क्रियाकलापों में भागीदारी 12

क्षमता विकास 12

सामाजिक, राजनीतिक व कानूनी जागरूकता 12

सूचना माध्यमों की उपयोगिता 13

उदारवादी नारीवाद 16

मार्क्सवादी नारीवाद 17

आमूल परिवर्तनकारी नारीवाद 17

लिंग प्रस्थिति संबंधी पूर्वाग्रह 20

विरोधाभासी ज्ञानगत अभिविन्यास 21

नारीवाद : भारतीय संदर्भ में 22

प्राचीन काल 25

परिवार में कन्या की परिस्थिति 26

शिक्षा 27

पत्नी के रूप में नारी 28

माता के रूप में नारी 28
पर्दा प्रथा एवं नारी स्वातंत्रय 29
उत्तराधिकार की व्यवस्था 29
सार्वजनिक जीवन में नारी 29
ऋग्वेद में ''समन'' शब्द का प्रयोग कई बार हुआ है 30
मध्य काल 30
पर्दा प्रथा 31
सती प्रथा 32
वेश्यावृत्ति 32
आधुनिक काल 32
शिक्षा में छिपा है महिला सशक्तिकरण का रहस्य 37
भारत में महिलाओं की शैक्षिक स्थिति 39
महिलाओं की शैक्षिक उन्नयन हेतु साधन एवं प्रयास 40
दुर्गाबाई देशमुख समिति (1958 - 59) और महिला शिक्षा 40
हंसा मेहता समिति (1962) और महिला शिक्षा 41
कोठारी आयोग (1964-66) और महिला शिक्षा 41
राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) और महिला समानता 42
छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 43
महिलाओं के हित में विशेष प्रावधान 44
महिलाओं के हितों की रक्षा से संबंधित न्याय दृष्टांत 46
छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग 46
छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं विकास विभाग द्वारा संचालिज योजनाएँ 48
भारत में महिला कानून 50
महिलाओं की उपलब्धियाँ 51
1.2 अध्ययन का औचित्य 52
1.3 समस्या कथन 56
1.4 प्रयुक्त पदों कि परिभाषा 56
1.4.1 किशोरावस्था 56
1.4.2 व्यक्तित्व 57
अंतर्मुखी व्यक्तित्व 57
बहिर्मुखी व्यक्तित्व 57

1.4.3 समायोजन 58
सशक्तिकरण 58
1.5 अध्ययन का उद्देश्य 58
1.6 अध्ययन की परिकल्पना 59
1.7 अध्ययन का परिसीमन 60

अध्याय-2: संबंधित शोध साहित्य का अध्ययन 61

2.1 साहित्य की समीक्षा का अर्थ 61
2.2 साहित्य समीक्षा की आवश्यकता 62
2.3 साहित्य की समीक्षा का उददेश्य 63
2.4 संबंधित शोध साहित्यों का अध्ययन 63
2.4.1 व्यक्तित्व से संबंधित शोध साहित्य 63
2.4.2 समायोजन से संबंधित शोध साहित्य 68
2.4.3 सशक्तिकरण से संबंधित शोध साहित्य 72

अध्याय-3: शोध अभिकल्प 90

3.1 शोध अभिकल्प 90
3.2 शोध विधि 91
सर्वेक्षण विधि का अर्थ 92
3.3 जनसंख्या 92
3.4 न्यादर्श 94
न्यादर्श चयन की प्रविधि 96
उद्देशीय न्यादर्श 96
न्यादर्श के रूप में चयनित विद्यालयों की सूची 96
3.5 चर 99
1. स्वतंत्र चर - 99
2. आश्रित चर - 99
3.6 अध्ययन में प्रयुक्त उपकरण 99
उपकरण का फलांकन 100

1. व्यक्तित्व परीक्षण (परिशिष्ट-I) 100
2. समायोजन परीक्षण (परिशिष्ट-II) 101
3. किशोरी बालिका सशक्तिकरण परीक्षण (परिशिष्ट-III) 103
3.7 अध्ययन में प्रयुक्त सांख्यिकीय विधि 105
1. मध्यमान (डमंद) 105
2. प्रमाणिक विचलन (Standard Deviation) 105
3. प्रमाणिक त्रुटि विचलन (Standard Error of Difference between two means) 106
4. टी मूल्य परीक्षण (t-test) 106
5. सहसंबंध गुणांक (Co-Relation) 106
6. प्रसरण विश्लेषण (Analysis of variance) 107

अध्याय-4: प्रदत्तों का संकलन, विषलेशण एवं व्याख्या 108

अध्याय-5: निष्कर्ष एवं सुझाव 130

5.1 अध्ययन का निष्कर्ष 130
5.2 उपसंहार 132
5.3 सुझाव 136
5.4 भावी अध्ययन हेतु सुझाव 137

संदर्भ ग्रंथ सूची 139

ABOUT THE AUTHORS

Dr. Mrs. Gulista Khatoon, M.Com, M.Ed, Ph.D (Education) was working as an Asst.Prof. in the Department of Education of Dr.C.V.Raman University,Kargi Road, Kota, Bilaspur, since last 6 years. She also took additional responsibility as a Faculty Co-ordinator of Commerce Department in same University for last 3 years. She has published **07** Research papers in national and international journal and 18 papers were presented in national and international seminar and conferences. She has guided 16 M.Ed.scholars and 4 M.Com. scholars (Distance Education).

Dr. Pramod Kumar Naik, after completing his master degree in education and B.Ed from Kurukshetra University, Haryana, he completed his M.phil and Ph.D in education from Sambalpur University, Odisha. He has 25 years of teaching experience at U.G., P.G, M.Phil, Ph.D (Course Work) level in different Colleges and University of Odisha and Chhattisgarh. Dr. Pramod Kumar Naik used his knowledge of the subject and his teaching experience acquired during these years, while writing this book. This book can be effectively used in teaching programmes both by students, research scholars and teachers. Dr.Naik has published **70** Research Paper in National/International journal, published **04** Books named **Advanced Educational Psychology, Parenting, Organizational Effectiveness, Job Satisfaction** and **03** Guide Books in Education. In **06** Edited Books **07** Chapters has been Published. Participated in Orientation and Refresher Course. He has delivered a number of Guest Lecturer in National seminars, International seminars, Orientation and Refresher Course and Colleges. He has guided **38** M.Ed. scholars, **23** M.Phil scholars and **05** Ph.D scholars are Awarded

under his supervision, now **05** Ph.D scholars are doing their research work under his supervision. He is the member of different board and committies of Dr.C.V. Raman University, Bilaspur (C.G.), Subject Experts of Pt.Ravi Shankar Shukla University, Raipur (C.G.) and also the member of Editorial Board of **04** Research Journal.

Now Dr. Pramod Kumar Naik is a Professor & Dean (Education), Research Director, AIU Co-ordinator of Dr. C. V. Raman University, Kargi Road Kota, Bilaspur (C.G.). His API Score calculated by the university is **525.**

अध्याय-1
पृष्ठभूमि, तथ्य एवं औचित्य

1.1 प्रस्तावना

शिक्षा का अर्थ ज्ञानार्जन के द्वारा संस्कारों तथा व्यवहारों का निर्माण करना है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य बालक में मानवीय गुणों का विकास करके उसे इस योग्य बनाना कि वह मानव संस्कृति व समाज को और अधिक सुंदर व सुदृढ़ बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकें। शिक्षा वह प्रकाश है जिसके द्वारा बालक की समस्त शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, नैतिक तथा आध्यात्मिक शक्तियों का विकास होता है। इससे व समाज का एक उत्तरदायी घटक एवं शब्द का प्रखर चरित्र सम्पन्न नागरिक बनकर समाज की सर्वांगीण उन्नति में अपनी शक्ति का उत्तरोत्तर प्रयोग करने की भावना से ओत-प्रोत होकर संस्कृति तथा सभ्यता का पुनर्जीवित एवं पुर्नस्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाता है। शिक्षा बालक का सर्वांगीण विकास करके उसे तेजस्वी, बुद्धिमान, चरित्रवान, विद्वान तथा वीर बनाती है।

''शिक्षा से मेरा तात्पर्य है - बालक और मनुष्य के शरीर मस्तिष्क और आत्मा में पाये जाने वाले सर्वोत्तम गुणों का चहुन्मुखी विकास।''

- महात्मा गाँधी

गाँधीजी का विश्वास था कि शिक्षा के उद्देश्यों में चरित्र निर्माण एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। इस संबंध में उन्होंने अपनी आत्मकथा में लिखा है

''मैंने सदैव हृदय की संस्कृति अथवा चरित्र निर्माण को प्रथम स्थान दिया है तथा चरित्र निर्माण को शिक्षा का उचित आधार माना है।''

विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में नैतिक शिक्षा का अत्यधिक महत्व है। नैतिक शिक्षा आदर्श नागरिक गुणों की जननी है। अलग-अलग आयु स्तरों पर बालक

के भीतर नैतिकता भी भिन्न-भिन्न स्तर की होती है। बालक बाल्यावस्था से किशोरावस्था तक समाज के नैतिक मूल्यों के अंतर्गत अनेक मूल्य आते हैं जैसे उचित-अनुचित की भावना, आज्ञा पालन, सत्य-असत्य का ज्ञान, ईमानदारी, दया, सत्यवादिता, भक्ति, निष्पक्षता, आत्म नियंत्रण, आत्मविश्वास, उत्तरदायित्व सशक्तिकरण की भावना आदि। व्यक्ति के इन्हीं सामाजिक, नैतिक मूल्यों का योग चरित्र कहलाता है, जो व्यक्ति के व्यक्तित्व का नैतिक पक्ष है।

नैतिक शिक्षा के द्वारा बालक के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। यह शिक्षा बालक के शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा सभी पहलुओं का विकास करती है। व्यक्तित्व के विकास से न ही वैयक्तिकता का विकास होता है। व्यक्तित्व वह संगठन है, जो बालक अपने जीवन काल में निर्मित करता है। अपनी कलाओं, योग्यताओं, मनोवृत्तियों एवं अनुभवों के आधार पर व्यक्तित्व परिवर्तित होने वाला शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक जीवन के चारो ओर अनुभवों के कारण होती है। विद्यालय तथा पाठ्यक्रम भी बालकों के आदत संबंधी प्रत्युत्तरों पर प्रभाव डालता है।

बाल्यावस्था से किशोरावस्था तक बालक को माता-पिता या घर के बड़ों की जरूरत होती है, जो उन्हें सत्य-असत्य का अंतर, ईमानदारी, दया, सहिष्णुता, समायोजन, सशक्त व उचित-अनुचित का अंतर बनाकर उत्तरदायित्व संस्कार दे सके। वर्तमान समय में शिक्षा प्राप्ति के स्थान विद्यालय है। शिक्षक व छात्राओं के मध्य अंतःक्रिया, मानसिक व भावनात्मक दोनों स्तरों पर होना चाहिए। विद्यालयों में शिक्षकों का यह कर्तव्य माना जाता है कि वे यह ध्यान रखे कि बालक के व्यक्तित्व का संतुलित विकास हो रहा है या नहीं। संतुलित व्यक्तित्व के विकास के बिना बालक की शिक्षा अधूरी है।

विद्यालय छात्राओं के चरित्र एवं व्यक्तित्व निर्माण का प्रधान स्थल है। विद्यालय की सब बातों को बालक व बालिकाओं पर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है जैसे - पाठ्यक्रम, अध्यापन, शिक्षक-छात्र संबंध, अनुशासन, छात्रों का आपसी संबंध एवं खेलकूद आदि। विद्यालय में अध्यापक सबसे प्रमुख व्यक्ति है, जो बालक के व्यक्तित्व के निर्माण में सहायता प्रदान करता है। परिवार, समाज, आर्थिक स्थितियाँ, माता-पिता स्थिति, सामाजिक वातावरण, विद्यालय का परिवेश, शिक्षक, शिक्षक-छात्र संबंध पाठ्यक्रम एवं अनुशासन आदि बहुत सी बातों का प्रभाव छात्र के व्यक्तित्व

पर पड़ता है। मान्यताएँ, आदर्श रीति-रिवाज, रहन-सहन की विधियाँ, धर्म-कर्म आदि की शैलियाँ व्यक्ति के व्यक्तित्व की रचना करने में सहयोग देती है।

1.1.1 व्यक्तित्व का अर्थ

व्यक्ति या बालक के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं संवेगात्मक गुणों का सुव्यवस्थित मिश्रण व्यक्तित्व कहलाता है। विकास के यह निरंतरता व्यक्ति के शैश्वावस्था से जीवन के अंत तक चलती रहती है। ऐसा समय कभी नहीं आता है, जब यह कहा जा सके कि व्यक्तित्व का पूर्ण विकास या पूर्ण निर्माण हो गया।

''व्यक्तित्व निरंतर निर्माण की क्रिया में रहता है।''

- गैरिसन

''व्यक्तित्व व्यक्ति के चरित्र, स्वभाव, बुद्धि और शारीरिक बनावट का थोड़ा बहुत ऐसा स्थायी और स्थिर संग्रह है, जो वातावरण के साथ उसके अपूर्व समायोजन को निर्धारित करता है।''

एच.जे. आई. जैंक

व्यक्तित्व के प्रकार -

ये निम्न तीन प्रकार के होते हैं

- अंतर्मुखी व्यक्तित्व (Introvert personality)
- बहिर्मुखी व्यक्तित्व (Extrovert personality)
- उभयमुखी व्यक्तित्व (Ambivert personality)

अंतर्मुखी व्यक्तित्व

इस व्यक्तित्व के लक्षण, स्वभाव, आदतें, अभिवृत्तियाँ और अन्य चालक बाह्य रूप में न होकर आंतरिक रूप में होता है। इस व्यक्तित्व के मनुष्य दार्शनिक और विचारक भी होते हैं।

बहिर्मुखी व्यक्तित्व

इस प्रकार के व्यक्तित्व वाले मनुष्य का झुकाव बाह्य तत्वों की ओर होता है। वे अपने विचारों और भावनाओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त कर सकते हैं। वे

संसार के भौतिक और सामाजिक लक्ष्यों में विशेष रूचि रखते हैं। इस व्यक्तित्व के मनुष्य अधिकांश रूप में सामाजिक, राजनैतिक या व्यापारिक नेता होते हैं।

उभयमुखी व्यक्तित्व

ऐसे व्यक्तियों में अंतर्मुखी व बहिर्मुखी दोनों प्रकार के गुण होते है, ऐसे व्यक्ति अच्छा बोलने वाले व लिखने वाले होने के साथ एकांत में कार्य करना भी पसंद करते हैं। ऐसे व्यक्ति जीवन के हर क्षेत्र में सफल होते हैं।

व्यक्तित्व की विशेषताएँ

व्यक्तित्व के निम्नलिखित विशेषताएँ होती है

- **आत्म-चेतना -** ऐसे व्यक्तियों में अंतर्मुखी व बहिर्मुखी दोनों प्रकार के गुण होते है। ऐसे व्यक्ति अच्छा बोलने वाले व लिखने वाले होने के साथ एकांत में कार्य करना भी पसंद करते हैं। ऐसे व्यक्ति जीवन के हर क्षेत्र में सफल होते हैं।
- **सामाजिकता -** व्यक्तित्व की दूसरी विशेषता है - सामाजिकता समाज में पृथक मानव और उसके व्यक्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती है। मानव में आत्म-चिंतन का विकास तभी होता है, जब समाज के अन्य व्यक्तियों के संपर्क आकर किया और अन्तःक्रिया करता है।
- **सामंजस्य -** व्यक्तित्व की तीसरी विशेषता है - सामंजस्य व्यक्ति को न केवल बाह्य वातावरण से प्रश्न अपने व स्वयं के आंतरिक जीवन से भी सामंजस्य करना पड़ता है। सामंजस्य करने के कारण उसके व्यवहार में परिवर्तन होता है और फलस्वरूप उसके व्यक्तित्व में विभिन्नता दृष्टिगोचर होती है।
- **निर्देशित लक्ष्य-प्राप्ति -** व्यक्तित्व की चौथी विशेषता - निर्देशित लक्ष्य-प्राप्ति। मानव के व्यवहार का सदैव एक निश्चित उद्देश्य होता है और वह सदैव किसी न किसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संचालित किया जाता है। उसके व्यवहार और लक्ष्यों से अवगत होकर हम उसके व्यक्तित्व को सहज की अनुमान लगा सकते हैं।
- **दृढ़-इच्छा शक्ति -** व्यक्तित्व की पांचवी विशेषता दृढ़-इच्छा शक्ति यही शक्ति व्यक्ति को जीवन की कठिनायों से संघर्ष करके अपने व्यक्तित्व को

उत्कृष्ट बनाने की क्षमता प्रदान करती है। इस शक्ति की निर्बलता उसके जीवन को अस्त-व्यस्त करके उसके व्यक्तित्व को विघटित कर देती है।

- **शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य -** व्यक्तित्व की छठवीं विशेषता है - शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य मनुष्य मनोशारीरिक (Psycho-physical) प्राणी है। अतः उसके अच्छे व्यक्तित्व के लिए अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का होना एक आवश्यक शर्त है।
- **एकता व एकीकरण -** व्यक्तित्व की सातवीं विशेषता है - एकता व एकीकरण। जिस प्रकार व्यक्ति के शरीर का कोई अवयव अकेला कार्य नहीं करता है, उसी प्रकार व्यक्तित्व का कोई तत्व अकेला कार्य नहीं करता है। ये तत्व है - शारीरिक, मानसिक, नैतिक, सामाजिक, संवेगात्मक आदि। व्यक्तित्व के इन सभी तत्वों में एकता या एकीकरण होता है।
- **विकास की निरंतरता -** व्यक्तित्व का अंतिम किन्तु महत्वपूर्ण विशेषता है विकास की निरंतरता। व्यक्तित्व के विकास में कभी स्थिरता नहीं आती है। जैसे-जैसे व्यक्ति के कार्यों, विचारों, अनुभवों, स्थितियों आदि में परिवर्तन होता जाता है, वैसे-वैसे उसके व्यक्तित्व के स्वरूप में भी परिवर्तन होता चला जाता है। ऐसा समय कभी नहीं आता है, जब यह कहा जा सके कि व्यक्तित्व का पूर्ण विकास या पूर्ण निर्माण हो गया है।

विज्ञान और तकनीकी के विस्तार के साथ विवेक और बुद्धि का संकुचन होता जा रहा है। ज्ञान बढ़ रहा है और व्यक्तित्व का पतन हो रहा है। इस प्रकार ज्ञान और विवेक के बीच असंतुलन की स्थिति निर्मित हो गयी है। वर्तमान में विद्यार्थियों में नैतिक व मानवीय मूल्यों के प्रति निष्ठा घटती जा रही है। विद्यालयों में इसका प्रभाव बढ़ रहा है। देश के भावी नागरिक कुसंस्कारों, अनैतिक अपहरणों, मादक पदार्थों की लत, उदण्डता, अनुशासनहीनता, कर्तव्यहीनता, अपराधी एवं हर क्षेत्र में अपने आपको समायोजित न कर पाना आदि के शिकार होते जा रहे है।

1.1.2 समायोजन का अर्थ

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। अतः वह अपनी आवश्यकताओं के पूर्ति के लिए स्वयं ही सचेत रहता है। व्यक्ति अपने विकास में ऐसी परिस्थितियों का सामना करता है जो उसकी इच्छाओं और आवश्यकताओं की पूर्ति में बाधक होती

है। जब व्यक्ति इन बाधाओं पर विजय प्राप्त कर लेता है तो यहि समायोजन है। अतः जब व्यक्ति अपने व्यवहार की गतिशीलता का प्रयोग आवश्यकताओं की पूर्ति और आत्म-पुष्टि के लिये करता है, तो इसे समायोजन की प्रक्रिया कहा जाता है।

अतः समायोजन से तात्पर्य है व्यक्तियों की अपनी आवश्यकताओं तथा परिस्थितियों के साथ संतुलन बनाये रखना है, व्यक्ति की इच्छाओं, संवेग, व्यवहार व आचरण एक-दूसरे के अनुकूल हो, व्यक्ति एवं वातावरण के मध्य प्रभावपूर्ण संतुलन की प्रक्रिया ही समायोजन कहलाती है।

''समायोजन वह अवस्था है, जिसमें एक ओर व्यक्ति की आवश्यकताओं तथा दूसरी ओर समाज की मांग पूर्ण रूप से संतुष्ट होती है।''

- आइजीन्क (1957)

''समायोजन से तात्पर्य व्यक्ति की आंतरिक तथा बाह्य आवश्यकताओं एवं अभावों के मध्य सामंजस्य तथा संतोषप्रद संबंध कायम रखना है।''

- शेक (1969)

समायोजन का क्षेत्र - समायोजन के क्षेत्र निम्न है

- **शैक्षिक समायोजन -** कुसमायोजन बालकों में अधिगम की गति अत्यंत मंद होती है। वे कक्षा के अन्य बालकों के अधिगम की गति के साथ नहीं चल सकते तथा सामान्य बालकों को भी कुसमायोजित बालकों के साथ सीखने में कठिनाई होती है। अतः शिक्षा द्वारा बालकों के समायोजन में सहायता मिलती है।
- **संवेगात्मक समायोजन -** संवेगात्मक रूप से अस्थिर व्यक्ति को शिक्षा द्वारा उचित रूप से समायोजित करके उन्हें परिपक्व एवं भावात्मक रूप से स्थिर करने को दी संवेगात्मक समायोजन कहा जाता है।
- **सामाजिक समायोजन -** समाज में सुरक्षित रूप से समाजपरक नियमों द्वारा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति एवं सोर्हाद्रपूर्ण जीवन की स्थापना सामाजिक समायोजन है।

समायोजन की प्रविधियाँ

समायोजन की प्रविधियाँ (Methods) निम्न हैं

1. प्रत्यक्ष विधियाँ (Direct Methods)
2. अप्रत्यक्ष विधियाँ (Indirect Methods)
3. क्षतिपरक विधियाँ (Compensatory)
4. आक्रामक विधियाँ (Aggressive)

1. **प्रत्यक्ष विधियाँ (Direct Methods) -** जब व्यक्ति चेतनावस्था में रहकर समायोजन को स्थापित करने के लिये प्रयत्न करता है, तो वह प्रत्यक्ष समायोजन के अंतर्गत माने जाते है। ये विधियाँ निम्न है

- **बाधाओं का समाधान -** व्यक्ति अपनी आवश्यकता पूर्ति में आने वाली बाधाओं को समाप्त करने का चेतनात्मक प्रयत्न करते हैं। इस चेतनात्मक प्रयत्नों के अंतर्गत अभ्यास और लगन महत्वपूर्ण कार्य करते है।
- **अन्य मार्ग खोजना -** जब कोई व्यक्ति अपने लक्ष्य की पूर्ति में उत्पन्न विभिन्न बाधाओं को किसी कारणवश दूर नहीं कर पाता है तो किसी अन्य मार्ग या हल को खोजना पड़ता है। इस प्रकार उसका मानसिक तनाव कम हो जाता है और वह समायोजन स्थापित कर लेता है।
- **उद्देश्यों में परिवर्तन -** जब व्यक्ति अपने लक्ष्य एवं उद्देश्य में सफल नहीं हो पाता है न उत्पन्न बाधाओं पर विजय प्राप्त कर पाता है, तो वह उस उद्देश्य को त्यागकर समानांतर उद्देश्य को ग्रहण कर समायोजन स्थापित कर लेता है।
- **विश्लेषण एवं निर्णय -** विश्लेषण एवं निर्णय का प्रयोग सभी व्यक्ति नहीं कर पाते हैं। जब मनुष्य परिस्थितियों में घिर जाता है, तो वह मानसिक संतुलन खो बैठता है। उसे लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कोई उपाय या रास्ता खोजना पड़ता है। यह रास्ता परिस्थिति का सहि विश्लेषण और उचित निर्णय करने पर ही निर्भर होता है। इस प्रकार से व्यक्ति अपना संतुलन स्थापित करने में समर्थ होकर समायोजन स्थापित कर लेता है।

2. **अप्रत्यक्ष विधियाँ (Indirect Methods) -** मानसिक सामान्यता को बनाये रखने के लिए व्यक्ति को अचेतन क्रियाओं की भी सहायता लेनी पड़ती है। जिससे व्यक्ति अपना आत्मसम्मान की रक्षा करता है तथा अपना बचाव तब करता है जब वह चिंताग्रस्त व निराश होता है। अतः अप्रत्यक्ष विधियाँ निम्न है

- **शोधन -** शोधन अचेतन मन की वह मानसिक प्रक्रिया है, जिसके अंदर व्यक्ति की मूल प्रवृत्यात्मक शक्ति या संवेगात्मक शक्ति, इच्छाएँ या आवश्यकताएँ आदि को ऐसे कृत्रिम पक्ष की ओर मोड़ दिया जाता है, जिसे समाज की स्वीकृति प्राप्त है। जैसे - कवि कालिदास की प्रेम की भावना (प्रेमिका) में शोधन करके साहित्य प्रेम भावना के रूप में शोधन किया गया था।
- **पृथक्करण -** दैनिक जीवन में यह देखा गया है कि दुःख या कष्ट आने पर व्यक्ति स्वयं को उससे अलग कर लेता है। ऐसे व्यवहार को पलायनवादी व्यवहार की संज्ञा दी जाती है। व्यवहार समाज, विरोधी या कानून विरोधी होते हैं और ऐसे लोग समायोजन स्थापित करने में सफल नहीं हो पाते।
- **प्रतिपगमन -** प्रतिपगमन की शक्ति तब देखने में आती है, जब व्यक्ति निराशा द्वारा उत्पन्न चिन्ता के कारण व्यवहार के प्रारंभिक अथवा आदिम रूपों में वापस चला जाता है जैसे परेशान व्यक्ति नशा का सहारा लेने लगता है।
- **निर्भरता -** जब व्यक्ति किसी कार्य में सभी प्रयत्नों के बावजूद असफल हो जाता है, तो वह स्वयं की समस्या को किसी योग्य व्यक्ति को सौंप देता है और उसके निर्देशों का पालन करके जीवन व्यतीत करने लगता है और अपनी मानसिक तनाव पर विजय प्राप्त कर लेता है।
- **दमन -** कुछ व्यक्ति चिंता को समाप्त करने के लिये दमन का प्रयोग करते है और उससे छुटकारा प्राप्त कर लेते हैं।

3. **क्षतिपुरक विधियाँ (Compensatory Methods):** इस विधि की प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों ही तरीकों के प्रयोग में लाया जाता है। प्रत्यक्ष तरीका वह है, जब व्यक्ति असफल क्षेत्र में ही मेहनत और परिश्रम करके अपनी कमी को पूरा करता है और अप्रत्यक्ष तरीका वह है, जब व्यक्ति असफल क्षेत्र को छोड़कर अन्य क्षेत्र में कुशलता एवं प्रवीणता को प्रदर्शित कर सुख प्राप्त करता है।
4. **आक्रामक विधियाँ (Aggressive Methods):** आक्रामक विधि को प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष दोनों रूपों से प्रयोग किया जाता है

- **प्रत्यक्ष -** आक्रामकता वह है, जिसमें व्यक्ति उसी व्यक्ति या वस्तु पर आक्रमण करता है, जो उसके असंतोष का कारण होता है।

- **अप्रत्यक्ष -** अप्रत्यक्ष आक्रामकता वह है, जिसमें व्यक्ति, असंतोषजनक परिस्थिति पर आक्रमण न करके अन्य ढंग से आक्रामक व्यवहार करके मानसिक तनाव को दूर करते है।

विद्यालय द्वारा समायोजन का विकास

निरंतर रहने वाली चिंता शारीरिक और मानसिक रूप से कष्टदायक होती है। इस प्रकार हम निष्कर्ष तक पहुँचते हैं कि किसी भी प्रकार की असफलता छात्रों में निराशा उत्पन्न करती है। निराशा के द्वारा मानसिक संघर्ष उत्पन्न होता है और मानसिक संघर्ष की निरंतरता 'तनाव' को उत्पन्न कर देती है। अतः छात्रों की समायोजन शक्ति समाप्त हो जाती है। प्रत्येक विद्यालय का यह कर्तव्य होता है कि वह अपने छात्रों की समायोजनशीलता को बनाये रखें।

- मन

इस कार्य हेतु विद्यालय द्वारा निम्नलिखितत कार्य करने चाहिए

- बालकों के समक्ष किसी प्रकार की समस्या उपस्थित नहीं होनी चाहिए।
- बालकों को निराशा और असफलताओ का सामना करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।
- शारीरिक, मानसिक एवं दोषयुक्त छात्राओं का पर्याप्त इलाज है और उसकी शिक्षा की उपयुक्त व्यवस्था होनी चाहिए।
- प्रतिभाशाली बालकों की विशेष शिक्षा एवं दीक्षा का प्रबंध होना चाहिए।
- पिछड़े बालकों के लिए छात्रवृत्ति एवं विशेष कक्षाओं की सुविधा होनी चाहिए।
- एकांतप्रिय एवं शर्मीले बालकों को विभिन्न प्रतियोगिता में प्रवेश दिलाकर प्रशंसा के द्वारा सामान्य बनाना चाहिए।
- कक्षा के वातावरण में आपसी तनाव को प्रेम व सौर्हाद्र के साथ दूर करना चाहिए।
- विद्यालय का वातावरण परिवार जैसा होना चाहिए ताकि संघर्ष से बच सकें।
- छात्रों के जीवन का उद्देश्य और वे भविष्य में क्या बनेंगे बता देना चाहिए ताकि उनके मन से असुरक्षा की भावना निकल सके।

- माता-पिता को बालकों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए? यह पहलू समय-समय पर ''अध्यापक संरक्षक गोष्ठी'' में समझाना चाहिए, ताकि बालकों के प्रति स्वयं के कर्तव्य को वे भी समझ सके।

इस प्रकार विद्यालयों द्वारा छात्राओं में कसी भी परिस्थिति में अपने आप को सफल और योग्य बनाकर हर क्षेत्र में समायोजित कर सकने कि शिक्षा दी जानी चाहिए। जब बालक हर क्षेत्र में समायोजन कर अपने आप को सफल बना सकते है तो उस बालक या बालिका में सशक्त होने के सभी गुण विद्यमान होंगे क्योंकि कहा जाता है कि आज का बालक/बालिका कल देश के भविष्य का निर्माता होता है। ये तभी संभव होगा जब ये गुण इनमें विद्यमान होंगे

''किसी भी पक्षी का जैसे, एक पंख से उड़ना संभव नहीं है! उसी प्रकार महिलाओं के विकास के बिना, विश्व का कल्याण संभव नहीं है।''

- स्वामी विवेकानंद

1.1.3 सशक्तिकरण का अर्थ

सशक्तिकरण का अर्थ है आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान व आत्मविश्वास। महिला सशक्तिकरण का सामान्य अर्थ है - महिला को शक्ति संपन्न परंतु व्यापकता में इसका अभिप्राय सत्ता-प्रतिष्ठानों एवं जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की साझेदारी से है। निर्णय लेने की क्षमता सशक्तिकरण का एक बड़ा मानक कहा जा सकता है। इस प्रकार महिला सशक्तिकरण से तात्पर्य महिलाओं को पुरुषों के बराबर वैधानिक, राजनीतिक, शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक आदि सभी क्षेत्रों में निर्णय लेने की स्वायत्तता ही महिला सशक्तिकरण है।

महिला सशक्तिकरण में इन 7 प्रकार महिलाओं को अधिकार प्रदान किया जाये तो वह स्वयं ही अपने आप को सशक्त कर सकेगी।

अधिकार एवं स्वतंत्र अस्तित्व

- स्वतंत्र अस्तित्व हेतु अधिकार एक आवश्यक तत्व है। अधिकार के कई रूप हो सकते है जैसे कि - अधिकारपूर्वक, अधिकार से अधिकार के प्रति, इनमें से सभी एक अलग अधिकार के प्रशासन की बात करते हैं। उदाहरण के लिए
- पारिवारिक स्तर पर अधिकार व निर्णय

- समयानुसार अधिकार के क्षेत्र में परिवर्तन
- अधिकार के श्रोतों पर नियंत्रण
- श्रोतों पर क्रियान्वयन और लाभ
- स्वयं हेतु सहीं पेशे के चुनाव का अधिकार

स्वतंत्र अस्तित्व

इसका तात्पर्य श्रोतों के द्वारा घर व समाज पर समान अधिकार से है - वे श्रोत है

धन और धन का अर्जन - इसमें भौतिकी संरचना, तकनीकी और वाणिज्य भी सम्मिलित है। इस पैमाने या संकेत का प्रयोग किसी व्यक्ति विशेष समूह के स्वतंत्र अस्तित्व के स्तर को मापने के लिए प्रयोग किया जाता है।

श्रोतों के स्वतंत्र अस्तित्व के समान अधिकार का प्रदर्शन। सभी कथन धनात्मक प्रवृत्ति के है। इनका प्रशासन केवल 13 से 18 साल तक की किशोर युवतियों पर किया जा सकता है।

स्वायत्तता एवं आत्मविश्वास/आत्मनिर्भरता

क्रियाओं की स्वतंत्रता, वांछित क्रियाओं के प्रभावपूर्ण व पर्याप्ततापूर्ण अधिकार का प्रदर्शन, स्वयं के विकास और भविष्य को देखने की क्षमता एवं निर्णय लेने की प्रभावपूर्ण क्षमता इसमें सम्मिलित हैं

- घरेलू उपयोगी सामग्रियों की खरीददारी
- परिवार के आय एवं व्यय के स्रोतों पर नियंत्रण
- घर के बाहर का कार्य
- अपरिचितों से बातें
- किसी बीमार पारिवारिक सदस्य का उपचार
- अन्य संबंधियों एवं मित्रों को सामाजिक एवं आर्थिक सहायता प्रदान करना

निर्णय प्रक्रिया

किसी महिला के निर्णय लेने के अधिकार को सात एकांशों पर मापा जाता है। निर्णय लेने का अधिकार बच्चों की शिक्षा आर्थिक पहलुओं आदि से संबंधित होती है। निम्न पैमानों के आधार पर किशोरियों के निर्णय लेने की शक्ति का पता लगाया जा सकता है

- महत्वपूर्ण तथ्यों पर निर्णय लेना
- विभिन्न क्षेत्रों में निर्णय लेने की स्वतंत्रता जैसे - नौकरी शिक्षा आदि।
- अपने पैसे खर्च करने का निर्णय

सामाजिक एवं विकासात्मक क्रियाकलापों में भागीदारी

सामाजिक एवं विकासात्मक क्रियाकलापों में लड़कियों की सहभागिता निम्न पैमानों पर मापी जाती है

- मूल्य वृद्धि के विरूद्ध सुरक्षा
- आय में सहभागिता
- विद्यालय एवं समाज के विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता
- हिंसा के विरूद्ध सुरक्षा
- परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सुझावों में सहभागिता

क्षमता विकास

निम्न पैमानों के आधार पर किसी व्यक्ति विशेष/समूह के जागरूकता स्तर एवं निर्माण क्षमता को मापा जा सकता है

- स्रोतों के नियंत्रण की क्षमता
- सामाजिक क्रियाकलापों में निर्णय की क्षमता
- गैर-पारिवारिक समूह में सहभागिता
- जनसाधारण से प्रभावी अंतःक्रिया की क्षमता गतिशीलता और दार्शनिक क्षमता
- राजनीतिक क्रियाकलापों में सहभागिता की क्षमता
- संस्थागत रूपांतरण जैसे - परिवार, शिक्षा, धर्म आदि।
- महिलाओं के संघर्ष
- विभिन्न संस्थाओं के अंतर्गत आपसी सामान्य समस्याओं, समान मुद्दों पर सहमति आदि के बारे में सोचने की क्षमता।

सामाजिक, राजनीतिक व कानूनी जागरूकता

सामाजिक एवं कानूनी जागरूकता की जानकारी उनके ज्ञान के आधारित निम्न क्रियाकलापों के आधार पर पता लगाया जा सकता है

- उसके यूनियन परिषद के चेयरमैन की जानकारी
- उस क्षेत्र के वार्ड सदस्य की जानकारी
- प्रधानमंत्री का नाम
- इनहेरिटेन्स का नियम
- रजिस्टर्ड शादी

सूचना माध्यमों की उपयोगिता

सूचना माध्यमों या साधनों की नियमित प्रभावित या उपयोगिता निम्न साधनों के आधार पर की जा सकती है

1. रेडियो
2. टी.वी. (दूरदर्शन)
3. पुस्तकालय

देश की आधी आबादी यानी महिलाएँ अब स्वावलंबन की ओर अग्रसर है। वे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता के बल पर पुरुषों के कदम से कमद मिला रही है। पिछले 10 वर्षों के आंकड़े बताते है कि इन्होंने अपनी अहमियत दर्शाकर नई पहचान बना ली है। राजनीति, खेल, शिक्षा, उद्यम सेवा क्षेत्र, आदि में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है। यह महिलाओं की इच्छाशक्ति और लगनशीलता का प्रतीक है कि आज शहरी महिलाओं के साथ-साथ गाँव की महिलाएँ भी अपने पैरों पर खड़ी होकर जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही है। घर के चूल्हे-चौके से लेकर देश, प्रदेश, समाज के विकास में हाथ बंटा रही है। सामाजिक स्तर पर भी महिलाओं के लिए किये जा रहे प्रयासों में भी सकारात्मक परिवर्तन हो रहे है। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए जन अभियान परिषद द्वारा गठित प्रस्फुटन समितियाँ व स्वयंसेवी संस्थाएँ प्रयासरत है, जिसके परिणाम भी अब देखने को मिलने लगे है। यह पहला मौका होगा जब इतने बड़े पैमाने पर मध्य प्रदेश सरकार महिलाओं को उनका हक दिलाने में जुटी है। वहीं प्रदेश की स्वयंसेवी संस्थाओं और प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से प्रदेश के कोने-कोने में बसे गाँव की महिलाएँ स्वावलंबन और स्वरोजगार के प्रति प्रेरित हो रही है। प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से गाँवों में स्वरोजगार के अवसर पैदा किए जा रहे है। सिलाई-कढ़ाई सेंटर, छोटे-छोटे उद्यम लगाकर

प्रस्फुटन समितियाँ महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा कर रही है। शिक्षा के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। समितियों के माध्यम से महिलाएँ आज स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो रही है।

मानव समाज में स्त्रियों की द्वितीयक स्थिति के क्या कारण है?

इस संबंध में विभिन्न समाज, वैज्ञानिकों, मानवशास्त्रियों, मनोवैज्ञानिकों, नारीवादियों ने अपने अलग-अलग मत एवं सिद्धांत प्रस्तुत किए है। उपरोक्त सभी के अध्ययन व विश्लेषण करने पर नारी के जीवन को तीन पक्षों में विश्लेषित किया जा सकता है यथा

1. जैविक परिप्रेक्ष्य
2. बौद्धिक या मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य
3. समाजशास्त्रीय व मानवशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य

1. **जैविक परिप्रेक्ष्य -** जैविक पक्ष के समर्थकों के अनुसार स्त्री एवं पुरुष के बीच नैसर्गिक रूप से कुछ जैविक अंतर होता है, जिसके कारण स्त्री, पुरुष की तुलना में शारीरिक रूप से कोमल होता है। इसी कारण सदियों से पुरुष प्रधान समाज में स्त्रियों को कम शारीरिक श्रम वाले एवं द्वितीयक कार्यों को करने के लिए अधिक उपयुक्त समझा गया, जैसे - ईंधन के लिए लकड़ियाँ एकत्रित करना, भोजन पकाना, गर्भधारण करना, संतानोत्पत्ति इत्यादि इसी प्रकार पुरुषों को शारीरिक आधार पर ही तुलनात्मक रूप से अधिक शारीरिक श्रम वाले कठिन एवं प्राथमिक प्रकार के कार्यों को करने के लिए अधिक उपयुक्त माना, जैसे - शिकार करना, पशुओं को प्रशिक्षित करना, स्त्रियों की रक्षा करना, खेती करना, भारी बोझ उठाना, स्त्रियों को संतानोत्पत्ति के लिए शुक्राणु प्रदान करना इत्यादि। जैविक सिद्धात के अनुसार स्त्रियाँ प्रकृति के अधिक समीप होता है जबकि पुरुष संस्कृति के अधिक समीप होता है। संस्कृति का निर्माण मानव द्वारा प्रकृति को अपने अधीन बना लेने के परिण ाामस्वरूप हुआ है। इस प्रकार जैविकताओं की मान्यता है कि स्त्रियों की द्वितीयक परिस्थिति प्रकृति की देन है।

   उपयुक्त परिप्रेक्ष्य को निम्न जैविक आधारों पर विश्लेषित किया जा सकता है -

- **लिंग का अर्थ -** लिंग का अर्थ है स्त्री एवं पुरुष का विशिष्ट ज्ञानेन्द्रियों के साथ जन्म लेना। लड़के या लड़की की पहचान विशिष्ट ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा ही होती है। जब बच्चा बड़ा हो जाता है तब उसे अपने लिंग की पहचान होती है। जब लड़की अपने ''स्त्रीत्व'' व लड़का अपना ''पुरुषत्व'' दिखाने के लिए नारी गुण या नर गुणों को दिखाता है तब उसे लिंग भूमिका कहा जाता है। उनके इस तरह का व्यवहार करने के लिए समाजीकरण की प्रक्रिया जिम्मेदार है। विशिष्ट लिंग के लिए विशेष व्यवहार और मानसिक गुणों का होना आवश्यक है, जैसे पुरुष यदि डरपोक है तो वह हंसी का पात्र बनाता है। अतः उसका शक्तिशली होना आवश्यक है लेकिन यदि स्त्री डरपोक है या स्वभावतः लज्जावती है तो वह उसका नारी सुलभ गुण समझा जाता है। लिंग भूमिका के अनुसार स्त्री का ''नारी गुणी'' और पुरुष का नर ''नर गुणी'' होना आवश्यक है।
- **स्त्री और पुरुष में जैविक भिन्नता -** जैविक भिन्नता के कारण ही स्त्री और पुरुष में कुछ अलग-अलग भावना जागृत होता है। लिंग भेद को निर्धारित करने में जीवशास्त्रीय एवं मनोशास्त्रीय पहलू बड़े ही महत्वपूर्ण है। गर्भावस्था में ही जैविक पहलू यह निश्चित करता है कि जो बच्चा होने वाला है वह लड़का है या लड़की, बच्चा नर गुणी है या नारी गुणी इसका निश्चित मनोशास्त्र द्वारा होता है। स्त्री-पुरुष में जैविक भिन्नता दर्शाने वाले पांच महत्वपूर्ण संदर्भ होते हैं - गुणसूत्र, लिंग, लिंग ग्रन्थि, लिंग ग्रन्थि स्त्राव, लिंग सहयोगी अन्तः इन्द्रियाँ एवं लिंगाविष्कार।

मानव समाजों में किसी शिशु के पैदा होने के बाद वह लड़का है या लड़की इसका निश्चय ''बाध्य लिंग'' करता है और बाद में उस शिशु का उसी तरीके से पालन-पोषण किया जाता है। बच्चे को उसके लिंग की पहचान कराई जाती है। शिशु की परवरिश ''तू'' लड़का है या तू लड़की है, यह कहकर होने लगती है। शिशु के पालन-पोषण के संबंध में श्रीमती मालती तुलपुले ने अपनी पुस्तक स्त्री मानवशास्त्री में लिखा है, जैसे ही बालक की बाह्य इन्द्रियों की पहचान हो जाती है वैसे ही घर में लड़की हुई या लड़का - यह कहकर भेदकारक प्रतिक्रिया गतिमान हो जाती है। लड़की हुई है अतः उसके लिए कपड़े का रंग, उसका नामकरण, उसके लिये दहेज की चिंता इत्यादि की बात होने लगती है, तो लड़का होने से बुढ़ापे का सहारा, पिण्डदान करने वाला हाथ, कुल दीपक आदि विशेषणों से पुकारा जाता है। इसी कारण जीव जन्म से मृत्यु तक इन्हीं प्रतिक्रियाओं के जाल में फंस जाता है।

उपयुक्त जैविक विवेचन से स्पष्ट है कि स्त्री और पुरुष दो स्वतंत्र प्रतियोगी जीव न होकर एक ही अखण्ड वस्तु के शारीरिक एवं कार्यात्मक दृष्टि से विभाजित दो भाग है। स्त्री और पुरुष में सम्मिलित विभिन्न समाजों में स्त्रियों की प्रस्थिति, भूमिका, प्रकार्यों एवं योगदान को प्रस्तुत एवं विश्लेषित करने के आधार भिन्न-भिन्न रहे है। समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य में विभिन्न नारिवादियों के विचारों पर एक-एक करके चर्चा की जा सकती है जो इस प्रकार है

- उदारवादी नारीवाद
- मार्क्सवादी नारीवाद
- आमूल परिवर्तनकारी नारीवाद

उदारवादी नारीवाद

उदारवादी नारीवादियों के अनुसार स्त्री एवं पुरुष के बीच शारीरिक एवं लैंगिक भिन्नता पाई जाती है, जैसे शरीर का आकार, लंबा, स्थूलता, पक्ष, स्थलों का विकास, शारीरिक गठन, शरीर पर बालों का वितरण, जनानंगो की स्थिति इत्यादि। यह अंतर सार्वभौमिक है क्योंकि यह सभी मानव समाजों एवं कालों में स्त्री पुरुष के बीच पाया जाता रहा है। पुरुष की सामाजिक पस्थिति, भूमिका एवं अधिकारों में वृद्धि हुई दूसरी ओर स्त्री की सामाजिक परिस्थिति, भूमिका एवं अधिकार में कमी आई। फलतः पुरुष ने न केवल स्त्री के अधिकारों पर विजय प्राप्त की वरन् उनकी कार्यशीलता को सीमित क्षेत्र में बांध दिया। इस प्रकार स्त्री पुरुष के अधीन हो गई।

उदारवादी नारीवाद के अनुसार असंतुलित एवं अन्यायपूर्ण श्रम विभाजन स्त्रियों की द्वितीयक परिस्थिति के लिए उत्तरदायी है।

यदि स्त्री स्वतंत्रता एवं सशक्तिकरण द्वारा पुरुषों के साथ समानता चाहती है तो उदारवादी नारीवादियों के अनुसार उसे स्वयं की जैविक क्षमताओं को बढ़ाना होगा और सामाजिक सांस्कृतिक बंधनों को तोड़ना होगा। इसके लिए यदि आवश्यक हो तो नवीन उन्नत तकनीकों द्वारा प्रस्तुत नये विकल्पों को स्त्री को अपनाना पड़े तो चिंता की कोई बात नहीं, जैसे-जैसे गर्भ निरोधक तकनीक, कृत्रिम गर्भधान, पुरुष वर्चस्व वाले क्षेत्रों में स्त्रियों का प्रवेश इत्यादि।

इस नारीवादी संप्रदाय का एकमात्र एवं अंतिम उद्देश्य मात्र स्त्रियों को उनके अधिकारों की प्राप्ति एवं पुरुषों के एकाधिकार की समाप्ति ही नहीं है बल्कि यह संप्रदाय लिंग विषमता के समूल नाश का पक्षधर है।

मार्क्सवादी नारीवाद

मार्क्सवादी नारीवाद के अनुसार स्त्री की द्वितीयक स्थिति की उत्पत्ति स्वयं परिवार से ही हुई है। परिवार में निजी सम्पत्ती की उत्पत्ति व्यक्ति द्वारा उत्पादन के साधनों लाभ के प्रतिशत एवं उत्पादन प्रक्रिया पर स्वामित्व के विचार के कारण हुई। इस विचार से स्त्री को एक ''वस्तु'' के रूप में प्रस्तुत किया जिसके आदान-प्रदान द्वारा नातेदारी संबंध स्थापित कर निजी लाभ में वृद्धि संभव हो सकती है। इस विचार का उदय मुख्यतया पूंजीवादी समाजों में हुआ। इससे स्त्रियों की सामाजिक परिस्थिति में कमि आई क्योंकि समाज उसे ''मूल्यवान वस्तु'' के परिप्रेक्ष्य से देखने लगा।

इस नारीवादी संप्रदाय के अनुसार स्त्री - पुरुष के बीच समानता स्थापित करने के लिए दो उपाय आवश्यक है - प्रथम निजी संपत्ति के विचार का त्याग, द्वितीय संघर्ष द्वारा स्त्रियों के अधिकारों की प्राप्ति। संघर्ष के लिए यह आवश्यक है कि स्त्रियाँ आर्थिक एवं राजनीतिक दृष्टि से स्वतंत्र एवं निर्णय लेने में सक्षम हो। यह नारीवाद उस विचार का पूर्ण रूप से विरोध करता है जिसमें यह कहा गया है कि स्त्री का कार्य मात्र संतानोत्पत्ति व घर की चारदिवारी में रहकर परिवार का लालन-पालन करना है तथा पुरुष का कार्य घर के बाहर निकलकर आर्थिक क्रियाएँ कर सकती है। इसी प्रकार पुरुषों को भी घरेलू कार्यों में सहयोग करना चाहिए।

निष्कर्ष रूप में मार्क्सवादी, नारीवाद स्त्री-पुरुष के बीच अधिकारों के समान एवं संतुलन वितरण की वकालत करता है ताकि लिंग संघर्ष को कम किया जा सके एवं साम्यवाद की स्थापना हो सके। इसके लिये यदि क्रांति करनी पड़े तो यह भी उचित है।

आमूल परिवर्तनकारी नारीवाद

आमूल परिवर्तनकारी नारीवाद के अनुसार प्रत्येक काल में मानव समाजों में चाहे वृद विकास की किसी भी अवस्था में हो कुछ विशिष्ट अभिवृत्तियाँ, व्यवस्थाएँ रीति-रिवाज, तौर-तरीके, पूर्वाग्रह एवं संस्थाओं का निर्माण किया गया। इन संस्थाओं एवं परंपराओं ने स्त्रियों को सोचने, विचार करने व व्यवहार करने पर अनेकों सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक प्रतिबंध लगा दिए। यह प्रतिबंध लगातार पीढ़ीयों में हस्तांतरित होते गए तथा कालांतर मे सामज में संस्थागत हो गए।

धीरे-धीरे स्त्रियों में अपने प्रति हीनभावना घर कर गई और उन्होंने बिना किसी संघर्ष के पुरुष पराधीनता स्वीकार कर ली। धीरे-धीरे वह समाज में अपनी द्वितीयक परिस्थिति को नियत मानकर संतुष्ट हो गई। नारीवादी संप्रदाय के अनुसार स्त्री-पुरुष समानता के लिए आवश्यक है कि सर्वप्रथम स्वयं स्त्री अपने विचारों में परिवर्तन लाए तत्पश्चात् स्त्री विरोधी सामाजिक मूल्यों एवं परंपराओं में सुधार लाए। इसके लिए सामाजिक क्रांति के बजाय समाज सुधार आंदोलनों द्वारा जन जागृति फैलाना आवश्यक है। स्त्रियों में स्वयं के अस्तित्व एवं क्षमताओं पर विश्वास जगाना आवश्यक है। पुरुष के समान परिस्थिति एवं अधिकार प्राप्त करने के लिए स्त्रियों को पारंपरिक बंधनों से स्वयं को मुक्त कर समाज में व्याप्त अवसरों का उपयोग करना होगा। इसके लिए उसे घर की चारदिवारी से बाहर निकलकर अपने व्यक्तित्व विकास के विकल्पों को अपनाकर स्वयं का विकास करना होगा और रूढ़िवादी बंधनों को तोड़ना होगा।

19वीं सदी से ही स्त्री सशक्तिकरण का विचार प्रमुख रूप से पश्चिमी समाजों में स्त्रियों की दुर्गति के कारण विकसित हुआ। इस प्रकार वहाँ के समाजशास्त्रियों एवं मनोशास्त्रीयों के लिए प्रमुख रूप से शोध एवं चर्चा का विषय रहा कि समाज में नारी की पराधीनता के लिए उत्तरदायी कारक कौन-कौन से है? नारी की इस पराधीनता से स्वतंत्र कर किस प्रकार सबलीकृत किया जा सकता है? इसी क्रम में उपरोक्त तीनों नारीवादी सिद्धांत अस्तित्व में आए। विभिन्न नारीवादी सिद्ध ांतों का विश्लेषण निम्न प्रकार किया जा सकता है

- **सार्वभौम लिंग प्रस्थिति -** स्त्री पुरुष के मध्य लिंगभेद है यह इसे सभी कालों में भी समाजों में एक विशिष्ट सांस्कृतिक संस्थागत स्वरूप प्राप्त है। हांलाकि इन विभेदों को स्पष्ट करने का तरीका अलग-अलग कालों में समाजों में भिन्न-भिन्न रहा है। तरीके चाहे जो भी हो वस्तुतः स्त्री सदैव ही शक्ति एवं प्रभुत्व से वंचित रही है। समाज चाहे पितृसत्तात्मक हो या मातृसत्तात्मक, पुरुषों की स्त्री विरोधी मानसिकता स्त्री सशक्तिकरण के लिए सदैव चुनौती रही है। शक्ति एवं स्वामित्व सदैव ही पुरुष के हाथ में केन्द्रित रहा है। मणिपुर का मिठी समाज (पितृ सत्तात्मक) दक्षिण भारत का नायर समाज (मातृ सत्तात्मक) इत्यादि अनेकों ऐसे समाज है, जहाँ स्त्री-पुरुष की तुलना में अधिक कार्य करती है फिर भी पुरुष की सामाजिक परिस्थिति स्त्री की

तुलना में उच्च है। इसी प्रकार अफ्रीका में कुल कृषि कार्यों का 70 प्रतिशत भाग महिलाओं द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पूर्ण किया जाता है।

भारत का सभ्य समाज में भी इसका अपवाद है। महिलायें न केवल घर-गृहस्थी के उत्तरदायित्वों को वहन करती है वरन् पति के साथ खेतों/व्यावसायिक कार्यों में बराबरी के साथ साझेदारी करती है। उपरोक्त उदाहरण उदारवादी नारीवाद के इस सिद्धांत के विपरित तस्वीर दिखते है, जिसमें यह कहा गया है कि नारी की दोयम परिस्थिति का कारण श्रम - विभाजन एवं जैविक असक्षमता है। किंतु यदि एक ही समाज में भिन्न-भिन्न आर्थिक-सामाजिक वर्गों वाली स्त्रियों के बीच यदि तुलनात्मक अध्ययन किए जाए तो यह देखा गया है कि निम्न, सामाजिक आर्थिक परिस्थिति वाले समुदायों में स्त्रियां उच्च मध्यमवर्गीय एवं निम्न मध्यमवर्गीय आर्थिक-सामाजिक परिस्थिति वाले समुदायों की स्त्रियों से अधिक स्वतंत्र जीवन जीती है। समाज के उच्च सम्पन्न वर्गों में जहाँ अमीर महिलायें कोई काम नहीं करती वरन् अपने पिता या परिवार द्वारा कमाई सम्पत्ति का उपयोग, उपभोग करती है वहाँ इतने ऐशो-आराम के पश्चात् भी इन महिलाओं का संसार मात्र चारदिवारी तथा कुछ मित्रों एवं रिश्तेदारों के घरों तक ही सिमटकर रह जाता है। इनका परिवार में स्थान पति या परिवार के अन्य पुरुष द्वारा निर्धारित किया जाता है।

इस प्रकार इन स्त्रियों की शक्ति एवं अधिकार से एक स्थायी दूरी बन जाती है। वह मात्र सोने के पिंजरे में कैद चिड़िया बनकर जीवन व्यतीत करने के लिए मजबूर हो जाती है। इस परिस्थिति में भौतिक सुख-संपन्न स्त्री का स्थान दूसरी आर्थिक स्त्रोतों वाली स्त्रियों से पिछड़ जाता है।

- **लिंग संबंधी विशेष प्रस्थिति एवं स्तर विश्लेषण -** प्रत्येक समाज में स्तरीकरण को कोई न कोई स्वरूप प्रत्येक काल में अवश्य रहा है। मानव संस्कृति उद्विकास के तीन चरणों से होकर विकसित हुई है यथा जंगली अवस्था, बर्बर अवस्था एवं सभ्य अवस्था। किसी समाज में स्तरीकरण एवं पद सोपान का आधार वे मूल्य थे, जिन्हें उस काल में प्राथमिकता प्राप्त थी। स्तरीकरण की प्रक्रिया के फलस्वरूप समाज, वर्ग एवं जाति के घटकों के रूप में संकुचित होकर अनेकों स्तरों में विभाजित हो गया। परिवार का निर्माण, विवाह के

द्वारा हुआ है परिवार ने स्त्री-पुरुष व उनकी संतानों को अपने अंदर समेटा है साथ ही लिंग संबंधी आंतरिक स्तरों की विस्तृत व्याख्या करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सामाजिक स्तरीकरण की प्रक्रिया में परिवार में स्त्री को एक निम्न दर्जा दिया गया है और इसी कारण एक लिंग विशेष के रूप में उनकी दशा भी शोचनीय है। यहाँ यह ध्यान रखना आवश्यक है कि परिवार समाज की आधारभूत इकाई है।

वर्तमान समय में मध्यमवर्गीय परिवारों की स्त्रियों ने घर की चारदिवारी के बाहर कदम निकालकर अपने लिए उपलब्ध रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया है। कुछ क्षेत्रों में महिला कर्मियों को रोजगार में प्राथमिकता दी जाती है। इन सबके पश्चात् समाज के परंपरागत सामाजिक ढांचे में स्त्रियों को अपने ही परिवार में पुरुष के समान बराबरी का दर्जा प्राप्त नहीं है। आर्थिक स्वावलंबन के बावजूद उन्हें सामाजिक क्षेत्र में परंपरागत द्वितीयक स्थान ही प्राप्त है।

पुरुष द्वारा स्त्री के प्रति आधुनिक एवं परंपरागत अपेक्षाओं के कारण पुरुष का स्त्री के शारीरिक सौंदर्य के प्रति नजरिया नहीं बदला है। स्त्री से यह अपेक्षा की जाती है कि वह पुरुष को इच्छा के अनुरूप अपने शारीरिक सौन्दर्य को एक वस्तु के रूप में प्रचारित करने का कार्य किया। इस प्रकार समाज में बड़ी चतुराई से स्त्री की रचनात्मक, सृजनात्मक एवं बौद्धिक प्रतिभा को नकार कर स्त्री को एक बौद्धिक प्राणी नहीं बल्कि एक उपभोग योग्य ''वस्तु'' की तरह परिभाषित एवं स्थापित किया। इसने स्त्रियों की सामाजिक परिस्थिति का गहरा नकारात्मक प्रभाव डाला है।

लिंग प्रस्थिति संबंधी पूर्वाग्रह

समाज में ऐसे अनेकों रीति-रिवाज, तौर-तरीके, विचार-अभिवृत्तियाँ, संस्थाएँ, पूर्वाग्रह मौजूद है, जो स्त्रियों पर अंगुली उठाते है। समाज में अनब्याही स्त्री, अनब्याही माँ, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता स्त्री, विधवा, बांझ महिला, उपपत्नी के रूप में स्त्री बलात्कार की शिकार स्त्री इत्यादि स्त्रियों की विभिन्न श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करते है जो सामाजिक अत्याचार एवं पुरुष की दोहरी मानसिकता की शिकार है।

सामाजिक रीति-रिवाज जैसे पर्दा प्रथा, अस्पृश्यता राजस्वला स्त्री, शिशु जन्म के प्रथम माह के संबंध में प्रतिबंध पुरुष प्रधान समाज द्वारा बनाए गए कतिपय प्रतिबंध है, जो स्त्रियों को प्रदान किए गए दोयम एवं निम्न परिस्थति की ओर संकेत करते है। यह प्रस्थितियाँ है जिनके लिए पुरुष वर्ग उत्तरदायी है जैसे विधवा होना, बिन ब्याही माँ बनना, बांझ या निपुती होना, पुत्र प्राप्ति नहीं होना, कम पत्नि बनाना इत्यादि। तथापि समाज पुरुष प्रधान होने के कारण सभी नियमों एवं फायदों को निर्माण इस प्रकार हुआ है कि इन सभी बातों के लिए मात्र स्त्री को ही जिम्मेदार ठहराया जाता है और पुरुष इन सबसे साफ बचकर बाहर आ जाता है। इसके अतिरिक्त पुरुष जब चाहे अपनी सुविधा के अनुसार नियमों में परिवर्तन कर सामाजिक दिशा-निर्देशों में परिवर्तन ला सकता है। समाज की इन दोहरी मानसिकता के कारण अनब्याहे बाप, तलाकशुदा पति, नंपुसक पुरुष एवं बलात्कारी पुरुष के चलते सती जैसी कुरीति को भी पुरुष समाज द्वारा महिमा मण्डित करने का प्रयास किया गया है और इसके समर्थक इसकी जड़ो का वैदिक साहित्य एवं वैदिक समाज में वर्णित होना बताते है। ज्ञान के निर्माण की प्रक्रिया व्यक्तिगत अनुभव के बिना पूर्ण नहीं हो सकती। नारी के अनुभव एक स्तर पर पुरुष अथवा अन्य किसी श्रेणी जैसे वर्ग, प्रजाति के आधार पर विश्लेषित नहीं किए जा सकते। वर्ग संघर्ष का सिद्धांत निम्न वर्ग की महिलाओं के अनुभव को प्रस्तुत नहीं कर सकता। नारी के अनुभव एक स्तर पर सामान के चाहे वह किसी भी वर्ग, जाति देश या प्रजाति की हो। साथ ही निम्न वर्ग की नारी का अनुभव दोहरी प्रताड़ना से निर्मित है जो विशिष्ट विभिन्न है।

विरोधाभासी ज्ञानगत अभिविन्यास

विरोधाभासी ज्ञानगत अभिविन्यास नारीवादी सिद्धांत की उन शक्तियों व प्रभावों की विवेचना करता है जो कि ज्ञान के पुरुषत्व का प्रभुत्व स्थापित करने के लिये उत्तरदायी है। स्तरीकरण के सभी परंपरागत सिद्धांतों का निर्माण एवं व्याख्याएँ इस प्रकार की गई है कि स्तरीकरण की प्रक्रिया में पुरुषों का ही स्थान पहले और स्त्री का स्थान द्वितीयक रहे। अर्थशास्त्र संपूर्ण अर्थव्यवस्था की विवेचना करता है किन्तु वह कहीं भी नारी द्वारा किए गए गृहकार्य का आर्थिक मूल्यांकन नहीं करता है। नारी द्वारा किया गया यह कार्य अनार्थिक क्रिया है।

समाजशास्त्री इस तथ्य की अवहेलना करते है कि किस प्रकार समाजीकरण की प्रक्रिया में स्त्री को शालीनता के रूप में ढालने के लिए शुरू से ही कमजोर एवं भयभीत बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। समाजशास्त्र पीटखो एवं ठलुमर के विनिमय सिद्धांत में भी स्त्री-पुरुष के मध्य असमान एवं पक्षपातपूर्ण व्यवहार की व्याख्या की गई है।

महिलाओं के प्रति असमानता का भाव दैनिक जीवन में देखा जाता है। समाज में भाषा, अभिव्यक्ति, क्रोध दया को व्यक्त करने के पुरुषों के लिए अलग मानदण्ड अलग है। ये मानदण्ड स्त्री-पुरुष के मध्य एक स्पष्ट विभाजन रेखा खींचते है। परिवार में एक बालिका को गुड़िया से घर-घर खेलने के लिए प्रेरित किया जाता है। उसे उपहार में भी गुड़िया, किचन सेट ही दिया जाता हैं। जबकि लड़के के घर के बाहर जाने, नेतागिरी करने, साइकिल चलाने, क्रिकेट खेलने, पतंग उड़ाना, हवाई जहाज उड़ाने आदि की प्रशंसा की जाती है। इसके विपरित लड़की को घर के अंदर ही रहने की प्रेरणा दी जाती है।

समाजशास्त्री मीड का ''भूमिका निर्वाह सिद्धांत'' तथा ''चार्ल्स कूले का आत्म दर्पण का भूमिका'' समाज द्वारा स्त्री की भूमिका एवं स्वयं नारी द्वारा समाज में अपने भूमिका का मूल्यांकन करता है। इस प्रकार नारी जन्म के साथ ही चारदिवारी में रहने एवं घर गृहस्थी संभालने, को ही लक्ष्य समझती है। जबकि पुरुष का रौब दाब एवं स्वतंत्रता जन्मजात है। अध्ययन क्षेत्र में भी लड़कियों को गृह कार्य विषय जैसे - ड्राइंग, सिलाई, भोजन बनाना, गृह-विज्ञान को प्राथमिकता दी जाती है।

नारीवाद : भारतीय संदर्भ में

भारतीय नारीवाद लेखन में पश्चिम का प्रभाव स्पष्ट रूप से झलकता है क्योंकि मूलरूप में भारत में नारीवाद का वर्तमान स्वरूप पश्चिम से ही लिया गया है। पश्चिम की दृष्टि, परिप्रेक्ष्य व मुद्दे सार्वभौमिक नहीं हो सकते पर वे एक विश्व दृष्टि का निर्माण करते है, जिसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक आधारों पर तुलनात्मक रूप से आंकना आवश्यक है। तुलनात्मक अध्ययन स्थितियों के मध्य भेद एवं समरूपता के विभिन्न पक्ष प्रस्तुत करते है। ऐतिहासिकता एवं सांस्कृतिकता के आधारों पर जब नारी की समस्याओं एवं प्रस्थिति का विश्लेषण

व मूल्यांकन किया जाएगा तो इस प्रक्रिया में स्व-चेतना के विकास की संभावना निहित रहती है। यह क्रिया के स्तर पर एक विशिष्ट सोच का निर्माण भी करेगा। भारतीय नारी के प्रस्थिति व छवि का निरूपण शास्त्रीय, धार्मिक व पौराणिक ग्रंथों में दृष्टिगोचर होते है। इन ग्रंथों में एक स्तर पर नारी का सकारात्मक व दिव्य स्वरूप प्रस्तुत किया गया है। पौराणिक गाथाओं में प्रमुख शक्तियों की स्थापना के रूप में प्रस्तुत कर उसकी दिव्य स्थापना की प्रक्रिया व प्रतिमान का परिचालक है। नारी का स्वरूप लक्ष्मी, सरस्वती एवं शक्ति (दुर्गा) के रूप में प्रस्तुत करके इस लोक के तीन प्रमुख सांसारिक आयामों को नारी की छवि, चेतना, देह आकार व मन मस्तिष्क से जोड़ा गया है। ये स्वरूप धन, ज्ञान व शक्ति के स्वरूप होकर शास्त्र सम्मत होकर उपासना एवं विश्वास का आधार बनते है। विभिन्न पूजा, यज्ञ एवं अनुष्ठानों के माध्यम से नारी के दिव्य स्वरूपों एवं उनसे जुड़ी मान्यताओं को समाज वैधता प्रदान करता है। दूसरी ओर मिथक गाथाओं के द्वारा नारी की एक ओर तो मानवीय गुणों से सराबोर व मूल्यवाहक के रूप में प्रस्तुति की गई है तो दूसरी ओर निम्न स्तरीय मानवीय अवगुणों के अभिव्यक्तिकरण नारी के मिथक गाथाओं में व्यवहार व संवादों से परिलक्षित होते है। संपूर्ण इतिहास पुरुष राजाओं एवं योद्धाओं के कारनामों से भरा है। योद्धा ज्ञानियों की स्थिति ऐतिहासिक ग्रंथों में मात्र पाद टिप्पणियों के रूप में ही अंकित की गई है। नारी की ऐतिहासिक स्थापना में उसे कहीं कहीं राज्य शौर्य से जोड़ा गया है तो कहिं उसे बलिदान की गाथाओं से इस दृष्टिकोण से ऐतिहासिक रूप से नारी की प्रस्थिति व योगदान दोनों का संपूर्ण चित्रण संभव नहीं हुआ है। नारी की सृजनात्मक शक्ति व उसके द्वारा निर्मित कलाकृति संगीत, नृत्य, साहित्य व बौद्धिक योगदान को इतिहास के निर्माण में उचित स्थान नहीं दिया गया है। ऐसी अनेकों पाण्डुलिपियाँ है, जिसमें नारी के सृजन, कला व साहित्य की उपलब्धियों को व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत किया जा सकता है। इतिहास लेखन का कार्य किस व्यवस्था में होता है व किस उद्देश्य से किया जाता है, यह आधार इतिहास की विषय-वस्तु के चयन व उसके द्वारा निर्मित दिशाओं से निर्धारित होता है।

भारत में इतिहासकार ने आम व्यक्ति का उल्लेख कभी नहीं किया है पर साथ ही दलित वर्गों एवं नारी के द्वारा समाज के संचालन व्यवस्थापन, नियमन, इत्यादि को भी गौण विषय माना है, जिसके वर्णन विश्लेषण की आवश्यकता

नहीं है किन्तु इसका अर्थ यह नहीं की आम जनता दलित वर्गों व नारी का समाज व संस्कृति में कोई योगदान नहीं है। अनेकों पाण्डुलिपियाँ शिलालेख व ग्रंथ भारतीय नारी के योगदान को दर्शाते हैं। विशिष्ट वर्ग व व्यक्ति के चारों ओर बुना हुआ इतिहास, समाज का सहीं व संपूर्ण चित्रण नहीं करता है। शिक्षक की प्रक्रिया भी पाठ्यक्रमों में सामग्रियों के आधार पर अतीत के एक संस्थात्मक स्वरूप का निर्माण करती है। यह एकपक्षीय एवं लघु होता है। अतः इतिहास ज्ञान के विभिन्न आयामों के अंतरालों को दर्शाता है।

नारी की प्रस्थिति लोक-साहित्य, लोक-वार्ता, लोक-गीत, लोक-स्मृति, लोक-मिथक, लोक-नाट्य, लोक-ज्ञान, लोकाक्ति व लोक-धर्म के माध्यम से निर्मित होती है। लोक संस्कृति के द्वारा आम नारी की संदर्भगत एवं परिवर्तित प्रस्थितियों का ज्ञान प्राप्त होता है, क्योंकि यह भावों को सरलतम रूप में अभिव्यक्ति करते हैं।

नारी की प्रस्थिति, स्थान व समय के अनुरूप अलग-अलग रही है, जो कि लोकाचार श्लोक गीतों में माध्यम से प्रदर्शित होता है। लोक संस्कृति समकालीन व पूर्व समकालीन समय के संदर्भ में नारी की प्रस्थिति का वर्णन करते है, जो कि जीवन यथार्थ, जीवन स्थितियों व अनुभवों के आधार पर निर्मित व अभिव्यक्त होते हैं। लोक संस्कृति के अध्ययन से नारी के सृजनात्मक पक्ष को अधिक सशक्त रूप से समझा जा सकता है। लोक गीतों का निर्माण, उन्हें सीखने एवं गान का कार्य मूलतः महिलाओं द्वारा ही किया जाता है। चित्रकला, भितिचित्र, मांडले व अन्य सौंदर्य बोधन अभिव्यक्तियाँ नारी के माध्यम एवं इतिहासकारों के लिए अदृश्य रहा है। यह अमान्यता व अदृश्यता सामाजिक व्यवस्था, ज्ञान के सामाजिक स्वरूप व मान्यता के संरचनात्मक स्वरूपों के आधार पर निर्मित हुए है।

समाज के संस्कृति के द्वारा प्रदत्त नियमों व प्रथाओं ने नारी के शरीर, भावना, बुद्धि व आध्यात्मिक स्थिति व क्षमताओं का निर्माण किया है। ये प्रथाएँ विशिष्ट सामाजिक व राजनीतिक शक्तियों व बाध्यताओं से पनपती व स्वीकृत होती है। स्थानीय स्तर पर उन्हें स्वीकार करने के लिए धार्मिक औचित्य व वैधता का सहारा लिया जाता है।

रूढ़ियों एवं परंपराओं के धर्म के ज्ञाताओं एवं स्मृतिकारों का सहयोग मिलने से स्त्रियाँ धीरे-धीरे परतंत्र, असहाय और निर्बल हो गई तथा समाज में स्त्रियों की प्रस्थिति पुरुष की तुलना में द्वितीयक हो गई। पुरुष ने स्त्री के पारिवारिक अधिकार सीमित कर डाले एवं स्वयं का प्रभुत्व स्थापित कर लिया।

प्राचीन काल से वर्तमानकाल तक भारतीय समाज में स्त्रियों की दशा में किस प्रकार के परिवर्तन आए ? परिवर्तनों के कारण क्या-क्या रहे? इन प्रश्नों के उत्तर जानने एवं विश्लेषण करने के लिए भिन्न-भिन्न कालों में भारतीय समाज में स्त्रियों की स्थिति का वर्णन करना आवश्यक है, जो कि निम्न प्रकार है

- प्राचीन काल
- मध्य काल
- आधुनिक काल

प्राचीन काल

प्राचीन भारत का इतिहास वैदिक काल से प्रारंभ होता है। हड़प्पा एवं मोहनजोदड़ों की सभ्यता से प्राप्त पुरातत्वीय अवशेष यद्यपि उस काल की वैभवशाली वास्तुकला एवं आर्थिक स्थिति का कुछ ज्ञान कराते हैं परंतु वर्तमान समय तक भी इन सूचनाओं के आधार पर उस काल के समाज का एक संपूर्ण चित्र निर्मित नहीं हो पाया है। अतः वेदों के ही आदिकालीन भारतीय समाज का इतिहास जानने का प्रमुख स्त्रोत मानना उपयुक्त है।

वैदिक समाज वर्णाश्रम व्यवस्था पर आधारित था। यह व्यवस्था बहुत ही सरल एवं संतुष्ट मान्यताओं पर आधारित है। व्यवस्थाकारों ने समाज को चार वर्णों एवं मानव जीवन के चार आश्रमों में विभाजित किया था। 'वर्ण' जन्म पर आधारित न होकर कर्म पर आधारित था। अतः प्रत्येक व्यक्ति अपनी योग्यता के आधार पर किसी भी वर्ण की सदस्यता प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र था। इस प्रकार समाज में कोई जातीय भेदभाव नहीं था।

भारतीय दर्शन में नारी : भारतीय संस्कृति का आधार आध्यात्मिकता है। रचना काल की दृष्टि से ऋग्वेद होता है। इन वेदों के मंत्रों (ऋचाओं) में एक ओर जहाँ उस समय की सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्था के दर्शन होते हैं, वहीं दूसरी ओर प्रकृति के गूढ़ रहस्यों और अतिन्द्रिय आध्यात्मिक अनुभूतियों का ज्ञान प्राप्त होता है। वैदिककालीन समाज में सबसे सम्मानित पद उन ऋषियों का था, जिन्होंने अपने इस उदान ब्रम्ह ज्ञान को भाषा प्रदान की थी। उन्हें ''मंत्र-दृष्टा'' कहा जाता है और यह बड़े गौरव की बात है। इन मंत्र रचनाकारों में अनेकों नारियाँ भी सम्मिलित है, जिन्हें 'ब्रम्हवादिनी' या ऋषिकरों

के नाम आये है, जिनमें अपाला धोबा, इन्द्राणी, देवयानी, लोपामुद्रा, वागांसृणी, विश्वासरा आदि प्रमुख है।

इस प्रकार के अनेकों उदाहरण प्राप्त होते है कि स्त्रियाँ उस समय की प्रचलित विद्या 'परा' एवं अपरा दोनों निष्णात थी। ब्रम्ह विद्या का अपूर्व ज्ञान रखने वाली उमा हम हेमवती ने तो अग्नि, वायु इन्द्रादि देवताओं को ब्रम्हा ज्ञान प्रदान किया था। विराट यज्ञों के अवसर पर होने वाले धार्मिक सम्मेलनों में विदूषी नारियाँ भी पुरुषों के समान ही भाग लेती थी और विशिष्ट अवसरों पर पुरुषों के साथ शास्त्रार्थ करती थी ब्रम्हवाहिनी गार्गी ओर ऋषि याज्ञवल्क्य पत्नियों में मैत्रे थी अपने ब्रह्म ज्ञान के लिये विख्यात थी।

इससे स्पष्ट होता है सभ्यता के इस आदिकाल में समाज सधर्मी पुरुष प्रधान था किन्तु महिलाओं की परिस्थिति भी गौण नहीं थी। घर का मुखिया वयोवृद्ध पुरुष ही होता था पर पुत्र और पुत्री में कोई भेदभाव नहीं किया जाता था। वैदिक काल में नारी की इस गौरवपूर्ण स्थिति का विस्तृत अध्ययन करने के लिये हमें उसको कन्या, युवती, पत्नी, माता और विधवा के विविध रूपों में देखना होगा।

परिवार में कन्या की परिस्थिति -

वैदिक काल में कन्या का जन्म दुखों का कारण नहीं माना जाता था। वैदिक साहित्य मूलतः आध्यात्मिक साहित्य है। यद्यपि वैदिक समाज में स्त्रियों की प्रस्थिति का प्रमाणिक इतिहास उपलब्ध नहीं है। अतः कहीं-कहीं विरोधी तथ्य भी सामने आते है। परिवार में कन्या की स्थिति में भी इस प्रकार के उदाहरण मिलते है। अथर्ववेद में एक स्थान पर कहा गया है।

''हमारे यहाँ पुत्र का जन्म हो और कन्या का जन्म किसी दूसरे के यहाँ हो''। दूसरे स्थान पर कहा गया है कि - 'नवजात पुत्र को पिता उल्लास से भरकर हाथों में उठा लेता है परंतु कन्या को माता के पास लेटे रहने दिया जाता है।'

इसके विपरीत वृहदारणवय उपनिषद् में लिखा है - ''अथ या इच्छेद दहिता पंडिता जायेत।'' इससे पता चलता है कि सुंदर और विदूषी कन्या की कामना भी लोग करते थे। बारह गृहसूत्र के अनुसार सुंदर कन्याओं की कामना के लिये वधुएँ गौमुख आदि वाद्यो का वादन करती थी। इसके विपरित पुत्र का जन्म

परिवार के उल्लास का कारण था क्योंकि पुत्र द्वारा ही पितरो के श्राद्ध और तर्पण आदि कर्मकाण्ड सम्पन्न होते थे तथापि कन्या और पुत्र के पालन-पोषण में भेदभाव नहीं किया जाता था।

शिक्षा

शिक्षा का आरंभ उपनयन संस्कार से होता था। उपनयन संस्कार पुत्र और पुत्री दोनों का होता था। दोनों ही विद्याध्ययन हेतु गुरू के आश्रम में जाते थे। बालिकायें भी बालकों की भाँति ब्रह्मचर्यव्रत का पालन करते हुए यज्ञोपवीर, मौजी, मेखला और वल्कल वस्त्र धारण करती थी। लड़कों की तरह ही लड़कियों को भी परा और अपरा दोनों प्रकार की विद्या ग्रहण करने का अधिकार प्राप्त था। वेदों के अनुसार ब्रह्मचर्य व्रत धारण कर विद्या समाप्त करने पर ही युवतियाँ योग्य पतियों को प्राप्त करती है।

''ब्रह्मचर्येण कन्या सुतानं विन्दते पतिम्र''

गोमिल गुह्मसूत्र में स्त्री शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा गया है कि अशिक्षित पत्नी यज्ञ करने में असमर्थ रहती है। वैदिक काल में स्त्रियाँ वेदों का अध्ययन भी करती थी।

वेदों की मीमांसा जैसे दुरूह एवं नीरस विषय में छात्राएँ रूचि लेती थी। काशकृत्सनी नामक विदूषी ने वेदों की मिमांसा पर एक पुस्तक लिखी। जो छात्राएँ इस पुस्तक का अध्ययन करती थी। उन्हें काशकृत्सना कहा जाता था। वैदिक साहित्य के अध्ययन के अतिरक्ति कन्याओं को गणित, आयुर्वेद, संवाधिव, नृत्य तथा विभिन्न शिल्प कालाओं की शिक्षा दी जाती थी।

संगीत शिक्षा पर विशेष बल देने का कारण वेदों की ऋचाओं का सस्वर पठन करना होता था। विशेषतः सामदेव की ऋचाओं का गायन स्त्रियों द्वारा ही होता था। विभिन्न संस्कारों के समय स्त्रियों द्वारा संगीत प्रस्तुत करने की चर्चा वेदों से आई है। स्त्रियाँ विविध वाद्य यंत्रों का निर्माण एवं प्रयोग करना भी जानती थी। नृत्य कौशल में पारंगत स्त्रियों का वर्णन ऋग्वेद में आया है।

क्षत्रिय कन्याएँ युद्ध कौशल में भी निपुण होती थी। ऋग्वेद में वाध्रिमती राशियसी और विष्पला स्त्री योद्धाओं की चर्चा है। इस प्रकार वैदिक युग में युवतियाँ अपनी योग्यता और इच्छा के अनुसार विविध प्रकार की शिक्षा प्राप्त करने में स्वतंत्र थी। शिक्षा

पूर्ण हो जाने के बाद पुरुषों की भांति स्त्रियाँ भी अध्ययन कार्य करने के लिए स्वतंत्र थी। इन्हें अध्यापिका, उपाध्यायी और आचार्य के नाम से संबोधित किया जाता था।

पत्नी के रूप में नारी

वैदिक काल से ही विवाह एक धार्मिक संस्कार माना गया है। वैदिक काल में एक पत्नी का आदर्श सर्वमान्य था परंतु बहुपत्नी के उदाहरण भी पर्याप्त मात्रा में मिलते है। यद्यपि बहुपत्नी विवाह की निंदा की गई है। तथापि ऋषि मुनियों तथा राजाओं के बहुपत्नी विवाह के उदाहरण वैदिक काल में भी मिलते है।

पत्नी के रूप में नारी की प्रतिष्ठा पुरुष के समान ही होती थी। पति के परिवार में स्त्री का स्वागत ''गृह लक्ष्मी'' और ''गृहस्वामिनी'' के रूप में होता था तथा साम्राज्ञी श्वसुरे भव साम्राजी अधिदेवषु। उस समय ऐसी धारणा थी कि स्त्री-पुरुष का पति-पत्नी के रूप में संबंध अन्योन्यायी है।

ऐसा कहा जाता है कि सृष्टि का प्रारंभ करने के लिये प्रजापति ने अपने शरीर को दो भागों की नर एवं नारी में विभक्त किया इसीलिये पत्नी की अद्ध ांगिनी कहा जाता है। प्रत्येक अनुष्ठान में पत्नी पति के साथ भाग लेती थी। अतः उसे ''सहधर्मिणी'' कहा गया है।

शतपथ ब्राह्मण के अनुसार कोई भी यज्ञ पत्नी की उपस्थिति के बिना पूर्ण नहीं हो सकता था।

वैदिक काल में स्त्री-पुरुष के कार्यों का विभाजन कर दिया गया था। पत्नी गृहस्थी के चक्र की वह धुरी थी जिसके बिना गृहकार्य का संचालन असंभव था। पति की जीवनयात्रा में वह सहचरी थी। समस्या के समाधान ने वह पति को परामर्श देने वाली मंत्री थी, सुख-दुख की साथी के रूप में वह उत्तम सखा थी और जीवन को उल्लास से भर देने वाली प्रकाश की किरण थी।

माता के रूप में नारी

वैदिक काल में मातृ पद सबसे उच्च माना गया है। तैत्रिरीय उपनिषद् में शिक्षा समाप्ति के पश्चात् गुरूद्वारा शिष्य को दिये जाने वाले उपदेश में ''मातृ देवो भव पितृ देवो भव'' कहा गया है। माता को संतान की प्रथम गुरू माना गया है। यह आदर्श भारतीय संस्कृति का मूलाधार है। आगे चलकर महाकाव्यकाल

में भी इसका उदाहरण देखने को मिलता है। जब माता कौशल्या राम से उनके वन गमन का समाचार पाती है तो कहती है कि यदि माता ने तुम्हे यह आज्ञा दी है तो अवश्य ही उसका पालन करो।

पर्दा प्रथा एवं नारी स्वातंत्रय

वैदिक काल में पर्दा प्रथा का उल्लेख नहीं मिलता है। प्रत्येक धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्रिया-कलाप में नारी की उपस्थिति अनिवार्य थी। वह न केवल विराट सम्मेलनों में शास्त्रार्थ करती थी बल्कि युद्ध स्थल में पति के साथ शस्त्र संचालन करती थी और कभी-कभी रथ की सारथी बन उसका मार्गदर्शन भी करती थी। वैदिक काल में वर का चुनाव करने से लेकर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नारी स्वतंत्र थी। जीवन के चारों पदार्थों अर्थात धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति का अधिकार पुरुषों के समान ही स्त्रियों को भी प्राप्त थी।

उत्तराधिकार की व्यवस्था

वैदिककाल में पिता की सम्पत्ति पर पुत्रों का अधिकार होता था। ''निरूक्त'' में यास्क द्वारा कहा जाता है कि पुत्र को न रहने पर पिता की सम्पत्ति पर पुत्री का अधिकार होगा। कुमारी कन्या की सम्पत्ति का कुछ अंश अवश्य मिलता ाि परंतु माता-पिता भाई बहनों या सगे-संबंधियों से मिले धन ''यौतक'' (दहेज) में मिली सम्पत्ति तथा पति या सास-ससुर से मिली सम्पत्ति पर स्त्री का अधिकार होता था। वह धन स्त्री धन के नाम से जाना जाता था और स्त्री की मृत्यु के पश्चात् उस धन पर उसकी लड़कियों का अधिकार होता था।

ऋग्वेद के अनुसार मृत पति की सम्पत्ति पर पत्नी का अधिकार नहीं होता था परंतु पति की सम्पत्ति का कुछ अंश उसे अवश्य मिलता था।

सार्वजनिक जीवन में नारी

वैदिक काल में स्त्रियों की उच्च सामाजिक प्रस्थिति का मूल्यांकन करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र में उनकी सहभागिता, पुरुषों के साथ बातचित करने की स्वतंत्रता, उनकी सहभागिता, पुरुषों के साथ बातचित करने की स्वतंत्रता, आवागमन की सुविधा, आमोद-प्रमोद एवं उत्सवों में भाग लेने की स्वतंत्रता से

किया जा सकता है। विद्वानों ने वेदों के विस्तृत अध्ययन द्वारा इस बात की पुष्टि की है कि स्त्रियों के स्वच्छंद विचरण, उत्सवों में भाग लेने की स्वतंत्रता तथा पुरुषों के साथ बातचीत करने पर कोई प्रतिबंध नहीं था। योग्य एवं विदुषी स्त्रियाँ तो पुरुषों के साथ शास्त्रार्थ भी करती थी।

ऋग्वेद में ''समन'' शब्द का प्रयोग कई बार हुआ है

जो उत्सव का पर्यायवाची माना गया है। युवतियाँ और वृद्ध स्त्रियाँ इस उत्सव की तैयारी उत्सव प्रारंभ होने के कई दिनों पूर्व से ह प्रारंभ कर देती थी। कुमारी कन्याएँ अपने लिये योग्य वर, का चुनाव इसी अवसर पर करती थी। इस समय विविध स्पर्धाएँ होती थी। कुल और वर्ण के अनुसार स्त्रियाँ अपने-अपने स्थानों पर विराजमान होती थी। इस उत्सवों में गणिका का उल्लेख भी आया है। वैदिक काल में स्त्री के इस रूप के दर्शन भी होते है। परंतु गणिका हेय दृष्टि से नहीं देखी जाती थी। अपने अपूर्व सौन्दर्य एवं नृत्यगान में ये समाज का मनोरंजन करती थी।

यह सत्य है नारी की गरिमामय छवि का निरंतर ह्रास होता जा रहा था। भारत में स्त्री शिक्षा के प्रति विमुखता बढ़ती रही तुरंत अभिजत्य वर्ग और राजकुल की स्त्रियाँ शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ी रही। भारतीय संस्कृति के मूल का आदर सदैव होता रहा है। माता आज भी पूजनीय है और प्रतयेक युग में आवश्यकता और स्थिति के अनुसार उसने युग निर्माण में अपना योगदान दिया है। कालीदास ने कन्या को कुल का प्राण और पत्नी को पति की सचिव और सखी कहा है। फिर भी यह कहना ही पड़ता है कि वैदिक युग में जो प्रतिष्ठा और गौरव नारियाँ को मिला आगे चलकर निरंतर उसका ह्रास होता गया।

मध्य काल

मध्य युग में देश की राजनीतिक स्थिति डांवाडोल थी। पूर्व मध्य युग में अरबों तथा अन्य मुसलमानों के जो आक्रमण प्रारंभ हुए थे वे इस युग में तीव्रतर हो गए। भारतीय समाज की कमजोरी और राजाओं की फूट का परिणाम यह हुआ कि 1200 ई. तक संपूर्ण उत्तरी भारत मुसलमानों के अधिकारों में आ गया। इस्लामी शासन के पश्चात् भारतीय समाज पर उनके रहन-सहन का प्रभाव

पड़ना स्वाभाविक था। भारत में मुसलमानो के आगमन के बाद उनकी आबादी धीरे-धीरे बढ़ती चली गई। हिन्दू समाज का निम्न वर्ग ब्राह्मणें के उत्पीड़न से बचने के लिए इस्लाम धर्म में सम्मिलित होने लगा।

कई कारणों से पति द्वारा पत्नी का परित्याग भी किया जा सकता था। इस विषय में इस युग के निबंधकार भी प्राचीन स्मृतियों का अनुकरण करते है। किन्तु कभी-कभी स्त्रियों के प्रति बहुत ही उदारता एवं सहानुभूति प्रकट करते है। यदि पत्नी किसी बिमारी से पीड़ित है, किन्तु अपने पति के प्रति अत्यंत भक्ति रखती हो तो उसकी अनुमति लेकर ही पुरुष को दूसरी स्त्री से विवाह करना चाहिए। यदि पत्नी बधया हो अथवा केवल कन्या को जन्म देने वाली हो तो कुछ समय के बाद दूसरा विवाह किया जा सकता है। यदि परित्यक्ता स्त्री के पास अपना ''स्त्री धन'' नहीं है तो दूसरी पत्नी को दिये गये धन के बराबर धन अथवा दूसरे विवाह में खर्च किये गये धन के बराबर धन दिया जाना चाहिए। परित्यक्ता स्त्री के लिए पति के घर में रहना आवश्यक था। यदि उसमें चरित्र संबंधी कुछ देाष भी हो तो भी पति उसका पालन करता था। यदि वह बहुत बड़ा उपराध करती थी तो उसके केश काट दिये जाते थे। संबंधिकारों का कहना है कि यदी पति अकारण अपनी पत्नी का परित्याग कर दे तो राजा उसे चोर की तरह दण्ड दे।

इस समय तक स्त्रियों को अर्थिक प्रस्थिति पहले से अच्छी हो गई थी। स्मृति चंद्रिका (3.681) से स्पष्ट है कि स्त्रियाँ पुरुषों की सम्पत्ति की उत्तराधिकारिणी हो सकती थी। यदि विधवा स्त्री को कोई पुत्र नहीं हो और मृत्यु के पहले पति की सम्पत्ति उसे प्राप्त हो गई हो तो पूरी संपत्ति विधवा स्त्री की मानी जायेगी। विधवा स्त्री के बाद पुत्र के अभाव में सम्पत्ति उसकी पुत्री को मिलेगी। इस युग में कुछ स्त्रियाँ ऐसी भी थी जो शासन प्रबंध में भाग लेती थीकश्मीर में सूर्यमती ऐसी ही प्रभावशाली रानी थी। दक्षिण भारत के इतिहास में भी ऐसे उदाहरण है जब स्त्रियों के शासक का सम्मान प्राप्त था। रूपवंशी रानी बन्स महादेवी ने चौदह वर्षों तक शासन किया था।

पर्दा प्रथा

भारत में मुसलमानों के प्रवेश का स्पष्ट प्रभाव यह था कि पर्दा प्रथा चल पड़ी थी। केशव सेन के हरिदर धुए ताम्रपत्र से ज्ञात होता है कि जब राजा नगर

से जा रहा था तो स्त्रियाँ उसके सम्मुख न जाकर घर के गवाक्षों से उसे देखती थी। घूंघट रखना सबके लिए आवश्यक नहीं था। बंगाल व काश्मीर में पर्दा प्रथा नहीं थी। साधारण घर की स्त्रियाँ तो खेतों में काम करती थी। अतः वे पर्दा नहीं रखती थी।

सती प्रथा

मध्यकाल में ब्राह्मणों के विरोध करने के बावजूद भी राजपूतों में यह प्रथा फैलती जा रही थी। ब्राह्मण वर्ग में प्राण त्यागने के बजाय त्याग और तपस्या को अधिक महत्व दिया जाता था, किन्तु 900 ई. के बाद परिस्थिति बदल गई। ब्राह्मण वर्ण में धीर-धीरे सती प्रथा का प्रचार होने लगा। ब्राह्मण स्त्रियों के विषय में कहा जाने लगा कि वे केवल शारीरिक दुःखों का अंतर नहीं चलती है बल्कि मोक्ष प्राप्ति हेतु अपने पति के पार्थिव अवशेषों के साथ जलती थी।

वेश्यावृत्ति

मध्यकालीन युग में वेश्यावृत्ति की बुराइयों के प्रति कम लोगों का ध्यान जाता था। वेश्याओं के संपर्क में रहना भी उच्च एवं सम्पन्न होने का प्रतीक बन गया था। वेश्याएँ तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था का अविभाज्य अंग थी प्रत्येक नगर में वेश्यायें रही थी जिन्हें ''शोकिनी'' समझाा जाता था। इन गणिकाओं का वर्णन कशमीरी कवि क्षेमेन्द्र की ''बोधिसत्वावादन'' में देदने को मिलता है। वेश्याओ ंके संपर्क मे ंरहने वाले लोगों में धनी व्यक्ति का इकलौता पुत्र, पितृहीन युवक, राजमंत्री वाणिक पुत्र इत्यादि थे।

आधुनिक काल

वर्तमान शताब्दी में महिलाओं की स्थिति

आधुनिक काल का प्रारंभ 1900 ईसवीं से होता है, क्योंकि ब्रिटिश राज भारत में स्त्री के लिए ऊषाकाल लेकर आया। जिसका कोरा निश्चित रूप से सर्वमान्य क्रांतिज्योति सावित्री बाई फुले को जाता है, जिन्होंने भारत में सन् 1865 में महिलाओं एवं दलितों की शिक्षा के लिए प्रथम पाठशाला स्थापित को। वर्तमान काल में नारियों की स्थिति पर दृष्टिफल करने से ज्ञात होता है कि स्वतंत्रता

प्राप्ति के पश्चात् भारतीय संविधान में महिलाओं एवं पुरुषों के लिए समान स्थान तथा समान अधिकार का प्रावधान किया गया। फलतः आज स्त्री तथा पुरुष की समाज में समान वैधानिक स्थिति विद्यमान है। परंतु समाज के कमजोर वर्गों की महिलाओं की स्थिति, जिसमें मुख्य रूप से अनुसूचित जाति की महिलाएँ आती है, स्वतंत्रता प्राप्ति के 56 वर्षों बाद भी केवल चिंताजनक है, अपितु भयानक है। बाबा साहेब, डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने मालाबार की पारिया उपजाति की अछूत महिलाओं के पास जाकर सन् 1926 में उनसे कहा था।

"तुम अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल क्यों नहीं भेजते? तुम्हारे गांव का ब्राह्मण चाहे कितनो ही गरीब हो, अपने बच्चों को पढ़ाता है और ब्राह्मण का लड़का डिप्टी कलेक्टर बन जाता है। तुम अपनी जाघों को क्यों नहीं ढकती और शरीर को क्यों नंगा रखती हो? यह बहुत बुरी बात है। दुनिया की किसी भी जाति की स्त्रियां तुम्हारी तरह नंगी नहीं रहती। यह बहुत लज्जा की बात है। अतः अपनी इज्जत बनाओं तथा कपड़ा पहनने का तरीका बदलो।"

इक्कीसवीं सदी के एक दशक की पूर्णता सपर महिलाओं की संस्थिति में महान परिवर्तन की पृष्ठभूमि परिलक्षित हो रही है। सामाजिक व्यवस्था में महिलाओं का वर्चस्व बढ़ा है। विवाह, संस्कार, पुरुषार्थ जैसी संस्थाओं में भी महिलाओं को पर्याप्त सम्मान की अधिकारिणीय माना जाने लगा है। समस्त रूढ़िवादी एवं अन्धविश्वासी मान्यताएँ संक्रमण की स्थिति में है क्योंकि परम्परावादी दृष्टकोण को नकार कर महिलाएँ अपना पैर निरन्तर आगे बढ़ाते हुए जीवन की समुन्नता की ओर अग्रसर हो रही है। शहरीकरण औद्योगिकरण, पश्चिमीकरण, आधुनिकीकरण, वैज्ञानिकीकरण तथा भूमण्डलीकरण की प्रवृत्तियों एवं चिन्तन धाराओं से महिलाओं की दशा और दिशा में क्रान्तिकारी बदलाव आया है।

स्वतंत्र भारत में नारी को सशक्त करने के लिए निम्न व्यवस्था की गई है

स्त्री कल्याण के लिए केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड की स्थापना की गई, लड़कियों की शिक्षा के लिए अनेक शिक्षण संस्थाएँ खोलना और इनहें अनेक राज्यों में शिक्षण शुल्क रियायतें भी दी। महिला पुरुष को समान काम के बदले समान वेतन की व्यवस्था भी की गई है।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 8 मार्च 1975 अंतराष्ट्रीय महिला दिवस संपूर्ण विश्व में ''महिला वर्ष'' के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य स्त्री, पुरुष को समाज में समान दर्जा दिलाना है। स्वतंत्र भारत में आज महिलाएँ खेल, व्यवसाय, शिक्षा, चिकित्सा, अनुसंधान, समाज सेवा, समाजिकता, नैतिकता, कृषि उद्योगों और अपने तथा देश समाज के कल्याण, विकास, प्रगति आदि क्षेत्रों एवं विषयों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। महिला सशक्तिकरण का उदाहरण आज हर क्षेत्र में दिखाई पड़ता है। जैसे भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभापाटिल, उत्तर प्रदेश की पहली महिला मुख्यमंत्री, दुर्ग जिले के सबसे कम उम्र की महापौर, टेनिस वरियता सानिया मिर्जा, अंतरिक्ष वैज्ञानिक कल्पना चांवला आदि महिलायें भारत देश की एक आदर्श महिलाओं क रूप में याद किये जाते है और याद किये जाते रहेंगे। प्राचीन काल में भी गगो मैत्रेय मदलसा आदि अनेक विदुषी महिलाओं का उल्लेख मिलता है। अंग्रेजी के काल में नारियाके की दयनीय दशा सुधारने हेतु राजा राम मोहन राय ईश्वरचंद्र विद्यासागर, केशवचंद सेन, दयानंद सरस्वती, ज्योति राव फूले, महर्षि अरविंद आदि ने नारी उत्थान के लिए अथक प्रयत्न किये, जिससे कि महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन मिला।

सशक्तीकरण एक बहुआयामी प्रक्रिया है, जो एक निर्बल सामाजिक इकाई को उसकी संपूर्ण दक्षता का ज्ञान कराती है। ज्ञान के वृहद अभिगमन के फलस्वरूप यह व्यक्ति का निर्णय-निर्धारक शक्तियों को विकसित करती है। सशक्तिकरण एक सक्रिय प्रक्रिया है, यह कोई भौतिक वस्तु मात्र नहीं है, कि जिसका हस्तांतरण संभव हो अथवा, जिसे दान स्वरूप प्राप्त किया जा सके। जीवन की कठिन परिस्थितियों को दृढ़तापूर्वक सामना कर व्यक्ति सशक्तीकरण को अपने ही प्रयासों के द्वारा उसके सभी क्षेत्रों में यथा सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, स्वास्थ्य शैक्षणिक इत्यादि अधिकारों की पूर्ण प्राप्ति है, जिसके फलस्वरूप सामाजिक इकाई में निर्णय निर्धारक शक्तियों का विकास होता है।1

सशक्तिकरण के संबंध में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कोई व्यक्ति किसी दूसरे को सशक्त नहीं करता। विकास के संदर्भ में इस शब्द के प्रयोग का अर्थ गरीब वर्ग द्वारा स्वतः प्रयासों से अपने को सशक्त करना है। अतः यह स्पष्ट होना चाहिए की सशक्तिकरण कोई ऐसी वस्तु नहीं है जो जनसाधारण को उठाकर दे दी जाए। सशक्तिकरण की प्रक्रिया व्यक्तिगत भी है एवं सामूहिक भी। व्यक्ति

के समूह से जुड़ाव के कारण उसकी जानकारी एवं ज्ञान में उत्तरोत्तर वृद्धि होती है तथा अपने को संगठित कर अपने जीवन स्तर में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने की क्षमता भी जागृत होती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि सशक्तिकरण की प्रक्रिया सहभागिता पर आधारित है।

शक्तिहीनता का मुख्य कारण सामाजिक सांस्कृतिक एवं संरचनात्मक है न की उनकी कमजोर आर्थिक। अतः केवल आर्थिक विकास एवं सशक्तिकरण को एक साथ जोड़कर देखना निरर्थक है। आर्थिक वृद्धि को विकास का मानक पुरुष नीति निर्धारकों द्वारा अपनाया गया है। उद्यमिता संबंधित आत्मनिर्भरता के माध्यम से सशक्तिकरण हेतु प्रयास घरेलू स्तर पर तो संभव है परंतु यह राजनैतिक, सामाजिक शक्तियाँ तथा ऐतिहासिक वर्गवाद को प्रभावित करने में सहायक नहीं होती। सशक्तिकरण की विभिन्न परिभाषाओं के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि सशक्तिकरण एक प्रक्रिया है जिनके मुख्य अव्यव शक्ति संरचना पर नियंत्रण करना, सहभागिता तथा विकास की दिशा को प्रभावित करना है अपने बारे में सकारात्मक दृष्टिकोण, आत्मविश्वास, विश्लेषणात्मक, योग्यता, जागरूकता में बढोत्री, गतिशीलता में बढ़ोत्री तथा समुदाय के बीच अपनी एक स्पष्ट पहचान बनाना भी सशक्तिकरण प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो महिलाओं में गतिशीलता, आत्मविश्वास, स्वदृष्टिकोण तथा जागरूकता का संचार करती है जिसे निर्णयात्मक प्रक्रिया में उनकी प्रभावी भागीदारी सेंभव हो सके तथा विश्लेषणात्मक योग्यता द्वारा विकास की दिशा को न केवल नियंत्रित कर सके बल्कि उसकी दिशा को अपने हित में मोड़ने की क्षमता रख सके।

यदि किसी परिस्थितिवश किसी सामाजिक ईकाई को इन अधिकारों की पूर्ण प्राप्ति नहीं होती है अथवा अधिकारों का हनन होता है तो वह सामाजिक इकाई सबल नहीं निर्बल है जिसे सशक्त करने की आवश्यकता है। सशक्तिकरण एक क्रांतिकारी विचार है इसका तात्पर्य मात्र सैद्धांतिक रूप से निर्बल सामाजिक ईकाई के लिए अधिकारों एवं सुविधाओं के निर्माण से नहीं है वरन् इन अधिकारों के उपयोग द्वारा सामाजिक इकाई के व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्रीय विकास की मुख्य धारा में योगदान से भी है। सैद्धांतिक रूप से भारतीय संविधान की भूमिका में यह कहा गया है कि संविधान का निर्माण सबकी समानता स्वतंत्रता व पारस्परिक मातृत्व की मान्यता के आधार पर हुआ है। भारतीय संविधान में संविधान निर्माण

के समय से ही सबके लिए मात्र अवसरों को समानता की ही प्रत्याभूति नहीं की गई, वरन् प्राचीनकाल से चली आ रह सामाजिक असमानताओं को दूर कर निर्बल सामाजिक इकाईयों के सशक्तिकरण का प्रयास भी किया गया है।

विभिन्न दबि हुई सामाजिक इकाईयों के लिए सशक्तिकरण का अर्थ मात्र सैद्धांतिक रूप से नीति-नियमों एवं प्रावधानों का निर्माण मात्र ही नहीं है वरन् उनका यथार्थ रूप में प्रयुक्त होना भी आवश्यक है। वर्तमान में प्रत्येक निर्बल सामाजिक इकाई को सबलीकृत करने की आवश्यकता है। यह आवश्यक है कि प्रत्येक सामाजिक इकाई को उसके मौलिक अधिकारों की प्राप्ति हो। समाज का प्रत्येक व्यक्ति एक सामाजिक इकाई है तथा परिवार समाज की आधारशिला सामाजिक उत्थान के उद्देश्य के लिए सबलीकरण की प्रक्रिया को निर्बल ईकाइयों पर केन्द्रीत कर एक स्वस्थ व सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है।

स्त्री जाति पर सभ्यता के प्रारंभ से अनेक प्रकार के निषेध नियम लागू किये गये है, जिससे उसका लगातार शोषण हुआ है। सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणि ाक एवं स्वस्थ्य इत्यादि क्षेत्रों में वह अपने पूर्ण अधिकरों की प्राप्ति से वंचित रही है। शोषण की प्रक्रियाओं का परिणाम यह हुआ है कि महिला की निर्णय निर्धारक शक्तियों का ह्रास हुआ है और व्यक्तित्व विकास के अवसर क्षीण हुए है। अतः वर्तमान में महिला एक निर्बल इकाई है, जिसे सशक्तिकृत करने की आवश्यकता है।

स्त्री मानव समाज की एक महत्वपूर्ण इकाई है वह किसी भी क्षेत्र में एवं किसी भी स्तर पर कार्यशील हो, उसकी व्यक्तिगत क्षमता एवं कौशल की भूमिका समाज निर्माण में निर्णायक रही है। इस वास्तविकता को स्त्री व पुरुष के विरोधाभासों से मुक्त कर सामाजिक संबंध एवं न्याय के आयामों द्वारा सशक्त बनाया जाना आवश्यक है। स्त्री व पुरुष के बीच न्याय की समानता एवं परिपक्वता के आधार पर सामाजिक संरचना को परिपक्व बनाना अपेक्षित है। लिंग के आधार पर असमानता, समानता का प्रतीक नहीं है बल्कि सामाजिक वास्तविकताओं के परिप्रेक्ष्य में वैयक्तिक तथा सामाजिक दायित्वों का निर्धारण आवश्यक है। सामाजिक परिवर्तनों को भी प्राथमिकता से अलग करके नहीं देखा जा सकता है।

यह आवश्यक है कि स्त्री जाति को उसके समस्त अधिकरों की प्राप्ति हो ताकि उसके व्यक्तित्व का विकास हो और समाज का संतुलित एवं स्वस्थ्य विकास संभव हो सके। वर्तमान में समाज एवं राष्ट्र में स्त्रियों की भूमिका एवं

योगदान को लेकर विश्वव्यापी परिवर्तन आया है और स्त्री सशक्तिकरण द्वारा विकास को लेकर एक अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है। वर्तमान में स्त्रियों की परिस्थिति में सुधार लाकर उन्हें राष्ट्रीय विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये सरकार ने अनेक सामाजिक, आर्थिक एवं स्वस्थ्य कार्यक्रमों की रचना की है जिनका क्रियान्वयन सरकारी नोडल विभाग एवं गैर सरकारी संगठनों के सम्मिलित प्रयास से किया जा रहा है जैसे अल्पाशक्त कार्यक्रम, स्वरोजगार कार्यक्रम आदि।

स्त्री की प्रतिस्थिति, आकांक्षाओं, क्षमता एवं भागीदारी का अध्ययन एकांकी रूप से संभव नहीं है। विश्व के अनेकों भागों में महिला स्वतंत्रता, महिला समानता महिला जागृति, महिला उत्थान को लेकर अनेकों आंदोलन हो रहे है। आधुनिक महिलायें परंपरागत दासता को तोड़ वैयक्तिक एवं सामाजिक विकास मे अपनी सार्थकता स्थापित करने का प्रयास कर रही है, लिंग के आधार पर असमानता को झुठला रही है तथा अपनी अस्मिता एवं परिस्थिति के प्रति पहले से अधिक सचेत हो रही है। अब वह अपने संबंध में पूर्व से चली आ रही मिथ्या धारण ाा, जैसे निर्बलता, करूण व दया भावना की प्रतिमूर्ति को, जो कि पुरुष प्रधान समाज द्वारा निर्मित है को तोड़ना चाहती है।

महिला व पुरुष दोनों एक-देसरें के पूरक हैं। इनमें से किसी एक के श्रेष्ठ व दूसरे के निम्न होने का प्रश्न ही नहीं उभरता है। करूणा, दया, प्रेम, सहनशीलता के गुण यदि महिला के पर्याय है, उसके व्यक्तित्व के सदगुण है। विगत इतिहास में उपयुक्त सदगुणों के समीकरण के बावजूद भी महिला वर्ग की प्रताड़ना, उपेक्षा व वेदना को भोगना पड़ा है। उसे सांस्कृतिक पटल पर तिरस्कृत ही रखा गया है। वह पुरुष की अनुगामिनी ही बनकर रह गई है। वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में वैज्ञानिक एवं औद्योगिक क्रांति के पश्चात् भी स्त्री एक निर्बल इकाई है जिसे सशक्तिकृत होने की आवश्यकता है।

शिक्षा में छिपा है महिला सशक्तिकरण का रहस्य

शिक्षा एक ऐसा कारगर हथियार है, जो सामाजिक विकास की गति को तेज करता है, समानता, स्वतंत्रता के साथ-साथ शिक्षित व्यक्ति अपने कानूनी अधिकारों का बेहतर उपयोग भी करता है और राजनीतिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त भी होता है। महिलाओं को ऐतिहासिक रूप से शिक्षा से वंचित रखने का

षड़यंत्र भी इसलिए किया गया कि न वह शिक्षित होगी और न ही वह अपने अधिकारों की मांग करेंगी, यानी उन्हें द्वितीय दर्जे का नागरिक बनाये रखने में सहुलियत होगी, इसी वजह से महिलाओं में शिक्षा का प्रतिशत बहुत ही कम है। हाल के वर्षों में अंतराष्ट्रीय परिस्थितियों एवं स्वभाविक सामाजिक विकास के कारण शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है, जिस कारण बालिका शिक्षा को परे रखना संभव नहीं है, इसके बावजूद सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से शिक्षा को किसी ने प्राथमिकता सूची में पहले पायदार पर रखकर इसके लिए विशेष प्रयास नहीं किया। कई सरकारी एवं गैर सरकारी आँकड़े यह दर्शाते है कि महिला साक्षरता दर बहुत ही कम है और उनके लिए प्राथमिक स्तर पर अभी भी विषम परिस्थितियाँ है। यारनी प्रारंभिक शिक्षा के लिए जो भी प्रयास हो रहे है उसमें बालिकाओं के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ निर्मित करने की सोच नहीं दिखती। प्राथमिक शिक्षा पूरी शिक्षा प्रणाली की नींव हे और इसकी उपलब्धता स्थानीय स्तर पर होती है। इस वजह से बड़े अधिकारी या राजनेता प्रारंभिक शिक्षा व्यवस्था की कमियों, जरूरतों से लगातार वाकिफ नहीं होते, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए था। अतः यह जरूरी है कि प्रारंभिक शिक्षा की निगरानी एवं जरूरतों के प्रति स्थानीय प्रतिनिधि अधिक सजगता रखें चूंकि शहरों की अपेक्षा गाँव में प्राथमिक स्तर पर शिखा की स्थिति बदतर है इसलिए गाँवों में बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने और बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने पर खास प्रयास की जरूरत है।

अंततः महिलाओं ने इस बात को समझना शुरू कर दिया है कि उनकी वास्तविक सशक्तिकरण के लिए शिक्षा एक कारगर हथियार है, शिक्षा को अपनी प्राथमिकता सूची में पहले स्थान पर रखने वाली महिला सरपंचों एवं पंचों का स्पष्ट कहना है कि शिक्षा से ही गाँव का विकास निहित है और सामाजिक मुद्दों पर काम करने वाली महिला सरपंचों एवं पंचों को ही वास्तविक रूप से सशक्त माना जा सकता है।

भारतीय समाज में स्त्रियों को ज्ञान एवं शक्ति का प्रतीक माना गया है। इस प्रतिकों के रूप में भारतीय समाज नारी को सरस्वती, दुर्गा एवं लक्ष्मी के रूप में पूजता रहा है। समाज में स्त्री को पुरुष का आधा अंग माना जाता है। स्त्री को परिवार की धुरी माना गया है और किसी भी शुभ कार्य अथवा धार्मिक कार्य

को अर्द्धांगिनी के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है। रामायण में अश्वमेध यज्ञ पूरा करने के लिए राम ने सीता की पूर्ति बनायी थी।

स्त्री के वास्तविक महत्व की व्याख्या इस प्रकार की जा सकती है कि नारी परिवार की नींव है। परिवार समुदाय का आधार है तथा समुदाय राष्ट्र का। अतः स्पष्ट है कि स्त्री ही राष्ट्र की नींव है। जिस राष्ट्र अथवा देश में स्त्रियों का समुचित मान सम्मान प्राप्त थे। वैदिक काल तथा उत्तर वैदिक काल के पश्चात् समाज की मौलिक व्यवस्थाओं का स्थान रूढ़ियों ने ले लिया, इसका परिणाम यह हुआ कि स्त्रियों का सम्मान और उनके अधिकार कम होते चले गये। पुरुष प्रधान समाज स्त्रियों के अधिकारों का हनन करता गया और कभी सांस्कृतिक मूल्यों और अभी परंपराओं के नाम पर स्त्री का शोषण होता गया। इन सबके परिणामस्वरूप स्त्रियों की स्थिति दिन-प्रतिदिन बद से बदतर होती गई।

भारत में महिलाओं की शैक्षिक स्थिति

भारत में महिलाओं की शैक्षिक दशा में निन्तर वृद्धि हो रही है। किन्तु महिलाओं की साक्षरता दर, विभिन्न शिक्षा स्तरों पर अत्यन्त कम है। प्रस्तुत सारणी से इसे आसानी से समझा जा सकता है

संपूर्ण भारत में विविध शिक्षा स्तरों पर संपूर्ण नामांकन में छात्राओं का प्रतिशत

कक्षाएँ	शहरी क्षेत्र	ग्रामीण क्षेत्र	योग
कक्षा 1 से 5 (6-11 आयु वर्ग)	45%	40%	41%
कक्षा 6 से 8(11-14 आयु वर्ग)	42%	32%	35%
कक्षा 9 से 10 (15-16 आयु वर्ग)	37%	28%	32%

महिलाओं की आबादी में नामांकन में छात्राओं का प्रतिशत

कक्षाएँ	शहरी क्षेत्र	ग्रामीण क्षेत्र
कक्षा 1 से 5 (6-11 आयु वर्ग)	70%	50%
कक्षा 6 से 8(11-14 आयु वर्ग)	236	23%
कक्षा 9 से 10 (15-16 आयु वर्ग)	20%	14%

उपरोक्त तालिकाओं के अनुशीलन से यह स्पष्ट होता है कि छात्राओं का नामांकन प्रतिशत हाई स्कूल स्तर तक की शिक्षा में अत्यंत कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की शैक्षिक संस्थिति अत्यन्त निराशाजनक है। राष्ट्र की एक बड़ी आबादी महिलाओं की कमी की शिक्षा से कोसों दूर है। उत्तर प्रदेश में महिलाओं की शिक्षा बढ़ नहीं पा रही है। अतः संपूर्ण भारत और उत्तर प्रदेश में महिला शिक्षा की दशा निराशाजनक है।

महिलाओं की शैक्षिक उन्नयन हेतु साधन एवं प्रयास

भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद यहाँ के नीति - नियंताओं ने राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा में महिलाओं को सम्मिलित करने के लिए इनके उपाय किये। महिलाओं की शिक्षा में आने वाली बाधाओं को जानने और समझने के लिए अनेक समितियों और आयोगों का गठन किया गया। कतिपय समितियों एवं आयोगों की समितियाँ निम्नवत् प्रस्तुत है-

दुर्गाबाई देशमुख समिति (1958 - 59) और महिला शिक्षा

भारत सरकार ने महिलाओं के शैक्षिक उत्थान हेतु उनकी समस्याओं का अध्ययन करने और तद्संबंधी सुझाव देने के लिए दुर्गाबाई देशमुख की अध्यक्षता में 1959 ईस्वीं में अपना प्रतिवेदन भारत सरकार को सौंपा और महिला शिक्षा से संबंधित निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत किया

- महिला शिक्षा को एक प्रमुख समस्या मानकर भारत सरकार को कार्य करना चाहिए।
- एक निश्चित समयान्तर्गत निश्चित योजना के अनुसार महिला शिक्षा का विकास करने की जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए।
- केन्द्र सरकार को सभी राज्यों के लिए महिला शिक्षा के विस्तार की नीति बनानी चाहिए तथा नीति को क्रियान्वित करने के लिए राज्य सरकार की पर्याप्त आर्थिक मदद करनी चाहिए।
- ग्रामीण महिलाओं के शैक्षिक उत्थान हेतु विशेष प्रयास किये जाने चाहिए।
- महिला और पुरुष की शिक्षा के मध्य के विभेद को समाप्त करने के लिए जल्द से जल्द प्रयास किया जाना चाहिए।

- राष्ट्रीय महिला शिक्षा परिषद का गठन करके महिला शिक्षा की समस्याओं का निस्तारण किया जाना चाहिए।
- राज्यों में महिला शिक्षा की राज्य परिषदें गठित की जानी चाहिए।

हंसा मेहता समिति (1962) और महिला शिक्षा

भारत सरकार ने बालक और बालिकाओं के पाठ्यक्रम में विभेदकता की संस्थिति से संदर्भित समस्याओं के निराकरण के लिए सन् 1962 ईस्वीं में श्रीमती हंसा मेहता की अध्यक्षता में एक समिति बनायी। इस समिति ने निम्नलिखित सुझाव दिया

- विद्यालय स्वर पर बालक और बालिकाओं की पाठ्यचर्या में विभेद नहीं होना चाहिए।
- शिक्षा का संबंध व्यक्तिगत रूचियों, क्षमताओं, आवश्यकताओं से होना चाहिए न कि यौन भेद से होना चाहिए।
- ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाना चाहिए जो बालक - बालकाओं के बीच अन्तर को बढ़ावा दें।

कोठारी आयोग (1964-66) और महिला शिक्षा

सन् 1964 में गठित दौलत सिंह कोठारी की अध्यक्षता वाले आयोग ने 1966 में अपने प्रतिवेदन को भारत सरकार की सेवा में सौंपते हुए महिला शिक्षा के संबंध में निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत किये

- बालिकाओं को अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा देने संबंधी संवैधानिक प्रावधानों की प्राप्ति के लिए अधिक से अधिक प्रयास किये जाने चाहिए।
- बालिकाओं को बालकों के विद्यालय में साथ-साथ पढ़ने हेतु जनमत तैयार किया जाना चाहिए।
- बालिकाओं के लिए उच्च प्राथमिक स्तर पर पृथक विद्यालय स्थापित किये जाए।
- बालिकाओं कि लिए छात्रावास और छात्रवृत्तियों की व्यवस्था की जाए।
- बालिकाओं कि लिए पार्ट टाइम तथा व्यावसायिक शिक्षा उपलब्ध करायी जाए।
- महिलाओं को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित किया जाए।
- महिलाओं के लिए अलग कॉलेज खोला जाए।
- महिलाओं के लिए शोध इकाई खोले जाए।

- महिला शिक्षा हेतु पृथक प्रशासनिक तंत्र का गठन किया जाए।
- महिला शिक्षा के पाठ्यक्रम को पुनर्गठित किया जाए।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) और महिला समानता

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में भाग - चार समानता कि लिए शिक्षा'' में 4.1 में वर्णित है कि नई नीति विषमताओं को दूर करने पर विशेष बल देगी और अब तक वंचित रहे लोगों की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा के समान अवसर मुहय्या करायेगी। 4.2 शिक्षा का उपयोग महिलाओं की स्थिति में बुनियादी परिवर्तन लाने के लिए एक साधन के रूप में किया जायेगा। अतीत से चली आ रही विकृतियों और विषमताओं को खत्म करने के लिए शिक्षा व्यवस्था का स्पष्ट झुकाव महिलाओं के पक्ष में होगा। राष्ट्रीय शिक्षा व्यवस्था ऐसे प्रभावी दखल करेगी जिनसे महिलाएँ, जो अब तक अबला समझी जाती रही है। समर्थ और सशक्त हों। नवीन मूल्यों की स्थापना के लिए शिक्षण संस्थाओं के सक्रिय सहयोग से पाठ्यक्रमों तथा पठन - पाठन सामग्री की पुनर्रचना की जायेगी तथा अध्यापकों व प्रशासकों का पुनः प्रशिक्षण किया जायेगा। इस काम को सामाजिक पुनर्रचना कर अभिन्न अंग मानते हुए इसे पूर्ण कृत संकल्प होकर किया जायेगा और शिक्षा संस्थाओं को महिला विकास के सक्रिय कार्यक्रम शुरू करने के लिए प्रेरित किया जायेगा। 4.3 महिलाओं में साक्षरता प्रसार को तथा उन रूकावटों को दूर करने को जिनके कारण लड़कियाँ प्रारंभिक शिक्षा से वंचित रह जाती है सर्वोपरि प्राथमिकता दी जाएगी। विभिन्न स्वरों पर तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी पर खास जोर दिया जायेगा। विभिन्न स्वरों पर तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी पर खास जोर दिया जायेगा। लड़के और लड़कियों में किसी प्रकार का भेदभाव न बरतने की नीति पर पूरा जोर देकर अमल किया जायेगा ताकि तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में पारस्परिक रवैयों के कारण चले आ रहे लिंग मूलक विभाजन को समाप्त किया जा सके तथा गैर - परम्परागत आधुनिक काम धन्धों में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ सके। इसी प्रकार मौजूदा और नई तकनीकी में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ायी जाऐगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संकल्पों के अनुरूप महिला शिक्षा के विकास एवं प्रसार के लिए सरकार द्वारा अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। कतिपय योजनाएँ संचालित की गयी है। इसमें प्रमुख हैं

- महिला शिक्षा अभियान का संचालन।
- सर्वशिक्षा अभियान के द्वारा अनेक कार्यक्रम का संचालन।
- उच्च शिक्षा प्राथमिक स्तर तक निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों एवं संसाधनों की उपलब्धता ।
- बालिकाओं के लिए विद्यालय के लिए विद्यालय में पृथक शौचालय की स्थापना।
- स्कूल चलो अभियान द्वारा शालात्यागी बालिकाओं को शिक्षा में पूनः जोड़ना।
- वयस्क छात्राओं एवं महिलाओं के लिए ब्रिज कोर्स का संचालन।
- विद्यालयों में कम से कम 50 प्रतिशत महिला अध्यापिकाओं की नियुक्ति।
- महिला शिक्षा हेतु संचेतना एवं संवेदनशीलता का प्रसार।
- जनसहयोग की प्राप्ति हेतु सघन अभियान चलाना।
- पाठ्यचर्या को महिलोन्मुखी बनाना।
- विद्यालयों में बालिकाओं का नामांकन, स्थायित्व, उपस्थिति बढ़ाने के लिए नवाचारी उपाय करना।
- कन्या शिक्षा का राष्ट्रीय कार्यक्रम, महिला समाख्या, पूर्व बाल्यकाल परिचर्या व शिक्षा, एकीकृत बाल विकास सेवा, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की स्थापना आदि नूतन कार्यक्रमों का संचालन।
- महिला शिक्षा हेतु स्वयं सेवी संस्थाओं का सहयोग प्राप्त करने हेतु प्रयास।
- निराश्रित महिला सेवा सदन की स्थापना।
- महिला व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना।

छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005

यह जानकारी सभी को है कि छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत पुराने समय से ही जादू-टोने जैसे कुरीतियाँ एवं अंधविश्वास व्याप्त है। केवल इतना ही नहीं महिलाओं को टोनही के नाम से कलंकित एवं प्रताड़ित भी किया जा रहा है और समाज में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण मान्यता के कारण ही अत्याचार, कलह एवं हिंसा

का वातावरण बना रहता है। जादू-टोना के भय के कारण समाज अविकसित, शोषित और दलित होकर रह गया है। टोनही के नाम पर छत्तीसगढ़ में हत्याएँ भी बहुत हो रही है। इसी तारतम्य में मानवीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के द्व ारा एक रिट याचिका में सकारात्मक अभिमत प्रकट करते हुए उच्च न्यायालय में विधायिका को उसके निवारण के लिए कानून बनाने के निर्देश दिये थे, जिसके परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ राज्य की विधायिका ने छत्तीसगढ़ टोनहीं प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 के नाम से इस अधिनियम का निर्माण किया, जिसमें समाज में स्वयि मानसिकता का हो सके ओर टोनही के नाम से उपेक्षित एवं प्रताड़ित व्यक्तियों को विधि सुरक्षा प्रदान किया जा सकें। संक्षेप में टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है

टोनही की पहचान के लिए 605 -

इस अधिनियम के अनुसार कोई भी व्यक्ति किसी भी व्यक्ति को टोनही के रूप में पहचान, अपने किसी भी कार्य, शब्दों भाव भंगिमा या व्यवहार से नहीं कर सकेगा, जिससे ऐसे किसी व्यक्ति को कोई क्षति पहुँचायें या पहुँचाने की आशंका हो अथवा उसकी सुरक्षा एवं सम्मान में कोई विपरीत प्रभाव पड़, क्योंकि ऐसा करना अपराध है और ऐसा अपराध धारा 4 के अधीन 3 वर्ष तक की कड़ी कैद और जुर्माने से दयनीय है।

महिलाओं के हित में विशेष प्रावधान

- असाधारण परिस्थितियों के सिवाय कोई महिला सूर्यास्त के पश्चात् और सूर्योदय के पहले गिरफ्तार नहीं की जाएगी और जहां ऐसी आसाधारण परिस्थितियाँ विद्यमान है वहाँ महिला पुलिस अधिकारी लिखित में रिपोर्ट करके ऐसे प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट को पूर्व अनुमति प्राप्त करेंगी जिसकी स्थानीय अधिकारिता के भीतर अपराध किया गया है या गिरफ्तारी की जानी है। (दं..प्र.सं. की धारा 46'4')
- यदि गिरफ्तारी के वारंट के अधीन कार्य करने वाले किसी व्यक्ति को या गिरफ्तारी करने के लिए प्राधिकृत किसी पुलिस अधिकारी को यह विश्वास करने का कारण है कि वह व्यक्ति जिसे गिरफ्तार किया जाता है। किसी ऐसे कमरे में है जो उससे भिन्न ऐसी महिला के वास्तविक

अधियोग में है, जो रूढ़ि के अनुसार लोगों के सामने नहीं आती है तो वैसा व्यक्ति या पुलिस अधिकारी उस कमरे में प्रवेश करने के पूर्व उस महिला को सूचना देगा कि उसे वहाँ से हट जाने के लिए स्वतंत्र है और हट जाने के लिए उसे प्रत्येक उचित सुविधा देगा और तब कमरे तोड़कर खोल सकता है और उसमें प्रवेश कर सकता है। (दं..प्र.सं. की धारा 47'2')

- जब किसी महिला के शरीर की तलाशी लेना आवश्यक हो तब ऐसी तलाशी शिष्टता का पूरा ध्यान रखते हुए अन्य महिला द्वारा की जाएगी। (दं..प्र.सं. की धारा 3'2')
- जब किसी महिला को ऐसा अपराध करने के आरोप में गिरफ्तार किया जाता है और जिसका ऐसी परिस्थितियों में किया जाना अभिकथित है कि यह विश्वास करने हेतु उचित आधार है कि उसकी शारीरिक परीक्षा ऐसा अपराध किये जाने के बारे में साक्ष्य प्रदान करेगी तो ऐसी महिला की शारीरिक परीक्षा केवल किसी महिला, जो रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी है। (दं..प्र.सं. की धारा 53'2')
- किसी महिला या 18 वर्ष से कम उम्र की किसी बालिका के किसी अवैध प्रायोजन के लिए अपहरण किये जाने या अवैध रूप से निरूद्ध रखे जाने की दशा में शपथ पर परिवाद किये जाने पर जिला मजिस्ट्रेट उपखण्ड मजिस्ट्रेट या प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट यह आदेश दे सकता है कि उस महिला को तुरंत स्वतंत्र किया जाए या वह बालिका उसके पति, माता, पिता, संरक्षक या अन्य व्यक्ति को जो उस बालिका का विधिपूर्ण भार साधक है तुरंत वापस का दी जाए और ऐसे आदेश का अनुपालन ऐसे बाल के प्रयोग द्वारा जैसा आवश्यक हो करा सकता है। (दं..प्र.सं. की धारा 98)
- संश्रेय अपराध के अन्वेषण के सिलसिले में पुलिस अधिकारी द्वारा किसी महिला को उसके निवास स्थान से भिन्न स्थान में हाजिर होने के लिए नहीं बुलाया जा सकता है। (दं..प्र.सं. की धारा 98)
- जहां बलात्संग या बलात्संग करने का प्रयास करने के अपराध का अन्वेषण किया जा रहा है वहां ऐसी पीड़ित महिला के शरीर की मेडिकल परीक्षा सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा चलाये जा रहे किसी अस्पताल

में नियोजित पंजीकृत चिकित्सा व्यवसायी द्वारा और ऐसे चिकित्सा व्यवसायी द्वारा ऐसी महिला की सहमति से या उसकी ओर से ऐसी सहमति देने के लिए सक्षम व्यक्ति की सहमति से की जाएगी और ऐसी महिला को ऐसी अपराध किये जाने से संबंधित अत्तिला प्राप्त होने के समय से 24 घंटे के भीतर ऐसे पंजीकृत चिकित्सा व्यवसायी के पास भेजा जाएगा।

महिलाओं के हितों की रक्षा से संबंधित न्याय दृष्टांत

- लैंगिग अपराध का विचारण न्यायालय के जिस बंद कमरे में किया जायेगा वहां अदालत की अनुमति के बिना प्रत्येक अभियुक्त की ओर से एक से अधिक अधिवक्ता उपस्थित रहने के हकदार नहीं है। (सुमेश्वर खेमी चौधरी विरूद्ध स्टेट ऑफ एम.पी. 1994 MPLJ 265)
- लैंगिग अपराध से संबंधित निर्णय (चाहे वह उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या निम्न न्यायालय द्वारा पारित हो) में पीड़ित महिला का नाम या उसका विवरण (जिससे उसकी पहचान होती हो) नहीं लिखा जाना चाहिए। (स्टेट ऑफ कर्नाटक विरूद्ध 2003, सुप्रीम 364)
- बलात्संग के अपराध का विचारण महिला न्यायाधीश द्वारा किया जाएगा बशर्ते जिस स्थान पर विचारण किया जा रहा हो वहां महिला न्यायाधीश उपलब्ध हो। (स्टेट ऑफ पंजाब विरूद्ध गुरमीत सिंह ए.आई.आर. 1996 एस.सी. 1993)
- ऐसा पुरुष जिसका पहला विवाह अस्तित्व में हो, से अन्य महिला (भले ही वह अविवाहित हो या तलाकशुदा हो या उसके पति की मृत्यु हो गई हो) द्वारा किया गया। विवाह हिन्दु विवाह अधिनियम के मुताबिक प्रारंभ से ही शून्य होता है और ऐसी महिला को विधिवत विवाहित पत्नी का दर्जा नहीं मिल सकता, जिसके कारण वह एसे पुरुष से भरण पोषण पाने की हकदार नहीं हो सकती है।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग

आयोग के कृत्य

आयोग निम्नलिखित समस्त या उनमें से किन्ही भी कृत्यों का पालन करेगा, अर्थात

- महिलाओं के लिए संविधान तथा अन्य विधियों के अधीन उपबंधित सरंक्षणों से संबंधित समस्त मामलों का अन्वेषण तथा परीक्षण करना।
- राज्य सरकार को वार्षिक रूप से तथा एसे अन्य समयों पर जैसा कि आयोग उचित समझे ऐसे संरक्षणों के कार्यान्वयन के संबध में रिपोर्ट प्रस्तुत करना।
- संविधान तथा अन्य विधियों में महिलाओं के सबंध में किए गए उपबंधों के उल्लंघन के मामलों को समुचित प्राधिकारियों तक ले जाना है।
- महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक विकास की योजना तैयार करने संबंधी प्रक्रिया में भाग लेना तथा सलाह देना।
- ऐसे मुकदमों को ध्यान देना जिनमें ऐसे मुद्दे अंतर्निहित हो जो महिलाओं के बड़े समूह पर प्रभाव डालते है।

निम्नलिखित के संबंध में गहन अध्ययन करना

- राज्य की महिलाओं को आर्थिक, शैक्षणिक तथा स्वास्थ्य संबंधी स्थिति, इसमें विशिष्टता आदिवारी जिलों तथा ऐसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा जो महिलाओं की साक्षरता, मृत्यु दर तथा आर्थिक विकास की दृष्टि से कम विकसित है।
- वे परिस्थितियाँ जिनमें महिलाएँ कारखानों, स्थापनाओं, निर्माण स्थलों तथा वैसी ही अन्य स्थितियों में कार्य करती है और उक्त क्षेत्रों में महिलाओं की परिस्थिति में सुधार हेतु विशिष्ट रिपोर्टों के आधार पर राज्य सरकार को सिफारिश करना।

निम्नलिखित से संबंधित शिकायतें प्राप्त करना

- महिलाओं पर अत्याचार और महिलाओं के विरूद्ध अपराध।
- महिलाओं को उनके न्यूनतम मजदूरी, प्राथमिक, स्वास्थ्य और प्रसूति सुविधाओं से संबंधित अधिकरों से वंचित करना।
- महिलाओं के संबंध में राज्य सरकार नीतिगत विनश्चयों का पालन न किया जाना।
- अभिव्यक्त और निराश्रित महिलाओं और वैश्यावृत्ति करने के लिए विवश की गई महिलाओं का पुनर्वास।
- ऐसी महिलाओं पर जो अभिरक्षा में है, अत्याचार और उन्हें समुचित उपचारी कार्य के लिए संबंध प्राधिकारियों तक ले जाना।

- निर्धन महिलाओं को विधिक परामर्श देने और ऐसी महिलाओं को विधिक सहायता प्राप्त करने में समर्थ बनाम के लिए राज्य के गैर सरकारी संगठनों को सहायता करना, प्रशिक्षित करना व प्रेरित करना।

छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं विकास विभाग द्वारा संचालिज योजनाएँ

- **समेकित बाल विकास सेवा योजना** - 6 वर्ष आयु के बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार लाने, बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास की बुनियाद कारखाने, बाल मृत्यु, बीमारी, कुपोषण, कम जन्मभार तथा शाला छोड़ने की घटनाओं को कम करने गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं तथा समुदाय को स्वास्थ्य पोषण की शिक्षा देकर सक्षम बनाने के उद्देश्य से यह योजना संपूर्ण छत्तीसगढ़ में संचालित की जा रही है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र महिला द्वारा अपने क्षेत्र में पास के आंगनबाड़ी केन्द्र में अथवा पर्यवेक्षक बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी से संपर्क कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।
- **विशेष पोषण आहार कार्यक्रम** - यह कार्यक्रम राजनांदगांव एवं अंबिकापुर शहर में शहरी क्षेत्र के गरीब एवं कमजोर गर्भवती, धातृ माताओं के पोषण की स्थिति में सुधार लाने एवं उनके स्वास्थ्य की देखभाल करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। इस योजना का लाभ शहरी क्षेत्र में गरीब एवं झुग्गी झोपड़ी गंदी बस्तियों में निवास करने वाले गर्भवती, धातृ मातायें ले सकती है। इस कार्यक्रम के द्वारा विशेष पूरक पोषण आहार, स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण की सुविधा प्राप्त होती है।
- **दत्तक पुत्री शिक्षा योजना** - बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु समाज में जागरूकता लाने, गरीब जरूरतमंद बालिकाओं की शिक्षा में जागरूक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संपूर्ण छत्तीसगढ़ में यह योजना चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत गरीब बालिका जिनकी पढ़ाई का खर्च माता-पिता द्वारा वहन किया जाना कठिन होता है ऐसी गरीब बालिकाओं को पात्रता है। यह योजना पूर्ण रूपेण जन सहयोग से संचालित है।

- **बालिका समृद्धि योजना** - बालिका शिशु तथा उसकी माता के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन लाने, बालिका भ्रुण हत्या की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करने, परिवर्तन लाने, बालिका भ्रूण हत्या की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करने, बालिकाओं का विवाह 18 वर्ष के उपरांत करने संबंधी जागृति लाने के उद्देश्य ये यह योजना संपूर्ण छत्तीसगढ़ में चलाई जा रही है।
- **राज्य वीरता पुरस्कार** - वीर सहसी बालक और बालिकाओं को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अवम्य साहस शौर्य एवं बुद्धिमत्ता के लिए पुरस्कृत करने उद्देश्य से यह योजना संपूर्ण छत्तीसगढ़ में चलाई जा रही है।
- **किशोरी शक्ति योजना** - 11 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को होने वाली शारीरिक, मानसिक बदलाओं के संबंध में जानकारी देने बालिकाओं को स्वयं के स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के संबंध में जागरूक तथा आत्मनिर्भर बनाने, किशोरी बालिकाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों से संबंधी प्रशिक्षण देने के उद्देश्य तथा उन्हें प्रशिक्षित एवं जागरूक कर उनके स्वास्थ्य पोषण और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए यह योजना चलाई जा रही है।

सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जाने वाली योजनाएँ

- **पंचधारा योजना** - 1 नवंबर 1991 के विशेषतः ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र की महिलाओं के उत्थान एवं विकास हेतु यह पंचधारा योजना आरंभ की गई है। इसके अंतर्गत 5 योजनाएँ संचालित है
  - वात्सल्य योजना
  - ग्राम्य योजना
  - आयुष्मति योजना
  - सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना
  - कल्प वृक्ष योजना
- **स्वास्थ्य सखी योजना** - इस योजना के अंतर्गत 18.35 वर्ष की आयु की अनुसूचित जाति के महिलाओं को मिड-वाइफ के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा और चयनित महिला को 500 रू. प्रतिमाह का भत्ता।
- **किशोरी बालिका योजना** - 11-18 वर्ष की लड़कियों के स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार हेतु।

- **मातृत्व अनुदान योजना -** बिहार सरकार द्वारा इस योजना का प्रार्दुभाव किया गया है, जिसमें महिलाओं को प्रथम मातृत्व के अवसर पर 300 रूपये और कम से कम 36 महिनों के अंतराल में द्वितीय मातृत्व के अवसर पर 500 रू. अनुदान दिया जाता है।
- **अपनी बेटी अपना धन योजना -** 2 अक्टूबर 1994 को हरियाणा सरकार द्वारा चलायी गई अनुसूचित जाति और जनजाति परिवार के नवजात बालिकाओं के लिए 2500 रू. सरकार द्वारा इंदिरा विकास पत्र के माध्यम से दिया जाता है, जो 18 वर्षों के पश्चात् लगभग 25000 रू. उसी बालिका को प्राप्त होता है जिसके नाम से निवेश किया गया है।
- **कुंवर बइनु मामेंरू योजना -** गुजरात सरकार द्वारा 1995 में प्रारंभ की गई इस योजना के तहत 7500 रू. से कम वार्षिक आय वाले परिवार को 5000 रू. वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।
- **उज्जवला योजना -** सरकार के इस योजना का मुख्य उद्देश्य लोगों को शरण देना जो वेश्यावृत्ति से छूटकर आये हो, और यौनकर्मियों के बच्चे है तथा प्राकृतिक आपदाओं के कारण अपने घर से बेघर हुई महिलाओं के लिए इसके साथ ही यह योजना यौनदुराचार से पीड़ित महिलाओं की भी मदद करता है।
